सुविचार

आप में कितनी भी प्रतिभा क्यों न हो, प्रयास और अभ्यास के बिना सब व्यर्थ है !

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।। ||| निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार" | हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com | हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 352 पेजः 8 मूल्य 01 रु. | जयपुर, शनिवार 15 जुलाई, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

*सीएम गहलोत ने की चंद्रयान के सफल होने की कामना*




मिशन चंद्रयान-3

### 25.30 घंटे का काउंटडाउन, आज दोपहर 2:35 बजे होगा प्रक्षेपण

# चांद की ओर फिर बढ़े कदम

## अब 41 दिन का सफर

एजेंसी ▶▶| श्रीहरिकोटा

इसरो ने कहा कि देश के तीसरे चंद्र मिशन 'चंद्रयान-3' के प्रक्षेपण के लिए 25.30 घंटे की उलटी गिनती गुरुवार को यहां स्थित अंतरिक्ष केंद्र में शुरू हो गई। शुक्रवार को रवाना होने वाला 'चंद्र मिशन' वर्ष 2019 के 'चंद्रयान-2' का अनुवर्ती मिशन है। भारत के इस तीसरे चंद्र मिशन में भी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर लैंडर की 'सॉफ्ट लैंडिंग' का है। 'चंद्रयान-2' मिशन के दौरान अंतिम क्षणों में लैंडर 'विक्रम' पथ विचलन के चलते 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने में सफल ▶▶| शेष पेज 5 पर

### आज से शुरू होगी यात्रा

अंतरिक्ष विभाग के सचिव और अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष सोमनाथ ने कहा कि 'चंद्रयान-3' को शुक्रवार के दिन अपराह्न 2:35 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। चंद्रयान-3 कल अपनी यात्रा शुरू करेगा। सोमनाथ के अनुसार, इसरो का अगला प्रक्षेपण कार्यक्रम जुलाई के ▶▶| शेष पेज 5 पर

### 24 अगस्त को उतरेगा

चंद्रयान 23 अगस्त को चांद पर उतरेगा। अगले 14 दिन रोवर लैंडर के चारों ओर 360 डिग्री में घूमेगा और कई परीक्षण करेगा। रोवर के चलने से पहिए के जो निशान चंद्रमा की सतह पर बनेंगे, उनकी तस्वीर भी लैंडर भेजेगा।



### इसरो प्रमुख ने मंदिर में की पूजा-अर्चना

इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने 'चंद्रयान-3' मिशन के प्रक्षेपण से पहले गुरुवार को सुल्लुरपेटा स्थित श्री चेंगलम्मा परमेश्वरिनी मंदिर में पूजा-अर्चना की। काली टी-शर्ट पहने सोमनाथ ने श्रीहरिकोटा से 22 किलोमीटर पश्चिम में तिरुपति जिले में स्थित मंदिर में पूजा की। सोमनाथ ने संवाददाताओं से कहा, मुझे चेंगलम्मा देवी के आशीर्वाद की जरूरत है...मैं यहां प्रार्थना करने और इस मिशन की सफलता के लिए आशीर्वाद लेने आया हूं।

# राष्ट्रपति बोलीं- भारत में मजबूत हो रही है लोकतांत्रिक व्यवस्था

**पहली बार महिला सांसदों की संख्या 100 पार,आगे और बढ़ेगा आंकड़ा**

**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी विविधता को समाहित करते हुए लोकतांत्रिक तरीकों से अपनी विकास यात्रा में आगे बढ़ रहा है। आजादी के बाद से 75 वर्षों में हमारे देश ने तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए अपने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखा है। राष्ट्रपति शुक्रवार शाम जयपुर में 'लोकतंत्र को मजबूत करने में राजस्थान विधानमंडल के प्रमुख संवैधानिक पदाधिकारियों की भूमिका' विषय पर एक सेमिनार में बोल रही थीं। यह सेमिनार देश के पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत की जन्म शताब्दी मनाने के लिए राष्ट्रमंडल संसदीय संघ ने किया था।



मुर्मू ने कहा- हमारे लोकतंत्र की जीवंतता का सबसे बड़ा प्रमाण हमारा आम चुनाव हैं। 17वीं लोकसभा के लिए 2019 में हुए आम चुनाव में 61.3 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जो एक रिकॉर्ड था। पहली बार महिला सांसदों की संख्या 100 का आंकड़ा पार कर गई है। भविष्य में यह संख्या और बढ़ेगी।

राष्ट्रपति ने कहा- हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में समाज के सभी लोगों, विशेषकर पिछड़े और कमजोर वर्गों और महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है। पंचायती राज व्यवस्था हमारे लोकतंत्र में मूलभूत भूमिका निभा रही है। आज देश के 2.75 लाख से अधिक स्थानीय ग्रामीण निकायों में 31.5 लाख से अधिक निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में से 46 प्रतिशत महिलाएं हैं।

# भारत ने तीसरे दिन जीता पहला टेस्ट

***वेस्टइंडीज को पारी और 141 रन से हराया***




डोमिनिका। भारत ने वेस्टइंडीज दौरे का पहला टेस्ट पारी और 141 रन से जीत लिया है। टीम ने 2 टेस्ट की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा मुकाबला 20 जुलाई से पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला जाएगा।

WTC फाइनल में बाहर बैठने वाले रविचंद्रन अश्विन और डेब्यूटेंट यशस्वी जायसवाल इस जीत के हीरो रहे। रविचंद्रन ने इस मुकाबले में 12 विकेट चटकाए, जबकि यशस्वी जायसवाल ने 171 रनों की पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। कप्तान रोहित शर्मा ने भी शतकीय पारी खेली। डोमिनिका के विंडसर पार्क मैदान पर टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 150 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी 421/5 पर घोषित की। दूसरी पारी में वेस्टइंडीज 130 रन पर ऑलआउट हो गई।

## जनाना अस्पताल अधीक्षक व डॉ नीलम पर 10 लाख हर्जाना

जयपुर। जयपुर मेट्रो की स्थाई लोक अदालत ने प्रसूता की मौत के मामले में जनाना अस्पताल के अधीक्षक व डॉ नीलम भारद्वाज पर दस लाख रुपए का हर्जाना लगाया हैं। स्थाई लोक अदालत ने माना कि चिकित्सकीय लापरवाही के चलते प्रसूता की मौत हुई थी।

अदालत ने इस राशि पर 14 मई 2019 से 7 फीसदी ब्याज और मानसिक व शारीरिक क्षतिपूर्ति के लिए 52 हजार रुपए अलग से देने का निर्देश दिए है। यह आदेश लोक अदालत के अध्यक्ष हरविन्दर सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जयपुर जिला निवासी डॉ. हंसराज शर्मा के परिवाद पर दिया गया।

अदालत ने अपने आदेश में माना कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट है कि ऑपरेशन के दौरान लापरवाही से मृतका शिखा को सेप्टीसिमिया व हेमाटोमा संक्रमण हुआ और इसके चलते ही उसकी मौत हुई। इतना ही नहीं ऑपरेशन के बाद परेशानी होने पर जब मृतका के टांके खोलकर उसका इलाज किया तो हालत सही नहीं होते हुए भी उसे डिस्चार्ज कर दिया गया।

मामले के अनुसार, परिवादी ने 26 मई 2017 को पत्नी शिखा को अस्पताल में विपक्षी डॉक्टर नीलम को दिखाया था। डॉक्टर ने उसकी पत्नी का इलाज शुरू कर दिया और हर बार चेकअप करने पर नॉर्मल डिलीवरी की बात कही। इस दौरान 22 अगस्त 2017 को उसकी पत्नी को डॉक्टर ने अपनी यूनिट में भर्ती कर लिया और रेजिडेंट डॉक्टर्स की टीम ने ऑपरेशन कर डिलीवरी की। इससे उसे बेटा हुआ और उसकी पत्नी को जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया। लेकिन पत्नी की तबीयत खराब होने पर रात ढाई बजे उसका दुबारा ऑपरेशन करना पड़ा। इसमें पता चला कि ऑपरेशन के दौरान पेट की नस कटने से वहां खून जम गया है जिससे पेट फूलने पर उसे सांस लेने में परेशानी हुई।

*बीजेपी-कांग्रेस विधायकों के बीच नोकझोंक हुई*

# राजस्थान विधानसभा में हंगामा, बीजेपी विधायकों ने तख्तियां लहराईं

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** विधानसभा में आज टोडाभीम रेप केस मामले में जमकर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बीजेपी विधायकों ने वेल में आकर हंगामा शुरू कर दिया। बीजेपी विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर वेल में आकर नारेबाजी की। विधानसभा स्पीकर के हस्तक्षेप के बाद भी हंगामा जारी रहा। बीजेपी विधायकों के हंगामे के बीच ही आधी कार्यवाही चली। दरअसल, राष्ट्रपति के भाषण के बाद सवा एक बजे से सदन शुरू हुआ था। उधर राष्ट्रपति के भाषण के बाद सदन में सचिन पायलट और वसुंधरा राजे के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

विधानसभा स्पीकर ने शोकाभिव्यक्ति से पहले नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ से अपनी बात रखने को कहा- तब जाकर हंगामा शांत हुआ। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा- दलित बालिका से रेप का मामला बहुत गंभीर है। इस मामले से लोगों में भारी आक्रोश है। सरकार को इस मुद्दे पर सदन में जवाब देना चाहिए। स्पीकर ने सरकार से इस मुद्दे पर जवाब दिलवाने का आश्वासन दिया, इसके बाद हंगामा शांत हो गया।



सदन में पायलट-वसुंधरा राजे की हुई मुलाकात

इससे पहले सदन में बीजेपी और कांग्रेस विधायकों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सदन में कहा- राजेंद्र राठौड़ कभी काम की बात कर ही नहीं सकते। ये हर बार इसी तरह की बातें करते हैं। इसके बाद फिर हंगामा होने लगा।

सदन में बालोसर ट्रेन हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। दिवंगत नेताओं को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### 25 जुलाई तक चल सकती है विधानसभा

विधानसभा की कार्यसलाहकार समिति बीएसी की बैठक में अभी 18 जुलाई तक का कामकाज तय हुआ है। शनिवार और रविवार को विधानसभा की कार्रवाई नहीं चलेगी। 18 जुलाई को एक बार फिर बीएसी की बैठक होगी। इसमें अगले सप्ताह सदन के आगे का कामकाज तय होने के आसार हैं। सरकार करीब 13 बिल लेकर आ रही है, इसलिए 25 जुलाई तक विधानसभा चलाई जा सकती है।

### सदन में पायलट और वसुंधरा राजे के बीच चर्चा

विधानसभा में राष्ट्रपति के भाषण के बाद आज पूर्व सीएम वसुंधरा राजे और सचिन पायलट के बीच चर्चा हुई। काफी देर तक दोनों नेता चर्चा करते रहे। हालांकि यह मुलाकात सबके सामने हुई। दोनों नेताओं के बीच सार्वजनिक रूप से लंबे समय बाद हुई इस मुलाकात की खूब चर्चा हो रही है। पायलट ने पूर्व सीएम वसुंधरा राज के समय हुए करप्शन का मुद्दा उठाकर अनशन किया और पैदल यात्रा की थी। पायलट लगातार इस मुद्दे पर हमलावर हैं। आरोपों के बीच दोनों के बीच सार्वजनिक रूप से हुई इस मुलाकात की खूब चर्चा हो रही है।

# पीएम मोदी बोले- मेरा सम्मान भारतीयों के लिए गौरव की बात

***फ्रांस-भारत मिलकर बनाएंगे लड़ाकू विमानों के इंजन***



**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन का फ्रांस दौरा खत्म कर सयुंक्त अरब अमीरात के लिए निकल गए हैं। इससे पहले राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उनके लिए लूव्र म्यूजियम में डिनर होस्ट किया। इस दौरान टोस्ट रेज करते हुए ढट मोदी ने कहा- भारत और फ्रांस मिलकर दोनों देशों की भलाई के लिए ही नहीं बल्कि वैश्विक सुरक्षा और शांति में भी अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल फ्रांस के सर्वोच्च पुरस्कार से मुझे सम्मानित किया गया। यह मेरे और सभी भारतीयों के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। पिछले 25 सालों में दुनिया ने काफी उतार-चढ़ाव देखें हैं, इसके बावजूद भारत और फ्रांस की दोस्ती मजबूत बनी रही। मोदी के दौरे पर भारत और फ्रांस के बीच 3 स्कॉर्पीन क्लास सबमरीन और लड़ाकू विमान के इंजन मिलकर बनाने की डील हुई है। इससे पहले ढट मोदी ने फ्रांस की नेशनल डे परेड में बतौर चीफ गेस्ट शिरकत की। दोनों देशों की तरफ से जॉइंट स्टेटमेंट जारी हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों को तोहफे में चंदन की लकड़ी से बना सितार गिफ्ट किया है। मैक्रों के अलावा ढट मोदी ने उनकी पत्नी और फ्रांस की प्रधानमंत्री को भी तोहफे दिए हैं। ढट ने राष्ट्रपति मैक्रों की पत्नी ब्रिजेट मैक्रों को सैंडलवुड बॉक्स में पोचमपल्ली इकत उपहार में दिया।

# अजित बगावत के बाद शरद पवार से मिलने पहुंचे, 2 जुलाई को महाराष्ट्र सरकार में शामिल हुए थे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार शुक्रवार को NCP प्रमुख शरद पवार से मिलने उनके घर पहुंचे। अजित पवार के महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के बाद दोनों की यह पहली मुलाकात है।

इस मुलाकात से जुड़ी कोई ठोस जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। ऐसा माना जा रहा है कि अजित अपनी चाची प्रतिभा पवार (शरद पवार की पत्नी) से मिलने गए थे। जिन्हें एक सर्जरी के बाद 14 जुलाई को अस्पताल से छुट्टी मिली है।

उधर, शुक्रवार को महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में शामिल हुए NCP के 9 मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कर दिया गया। डिप्टी CM अजित पवार को वित्त और योजना विभाग का मंत्री बनाया गया है। छगन भुजबल को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग सौंपा गया है। अजित पवार सहित ठउढ के 9 विधायकों को जो विभाग दिए गए हैं, वो पहले भाजपा के 6 और शिवसेना (शिंदे गुट) के 4 विधायकों के पास थे। जिनसे ये विभाग वापस लिए गए हैं। CM शिंदे के पास 7 और डिप्टी सीएम फडणवीस के पास 4 विभाग

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने पास सामान्य प्रशासन, शहरी विकास, सूचना और प्रौद्योगिकी सूचना और जनसंपर्क, परिवहन, सामाजिक न्याय, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन और खनन विभाग रखा है। वहीं, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास गृह, कानून और न्याय, जल संसाधन और लाभकारी क्षेत्र विकास और ऊर्जा विभाग है।

### भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) के राज्य में 18 मंत्री

भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) के राज्य की कैबिनेट में 18 मंत्री हैं। उनके पास कौन से विभाग हैं, उसकी डिटेल नीचे दी गई लिस्ट में देखें।

# बालिका की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक को फूंका

## तबियत खराब होने पर अस्पताल लेकर जा रहा था मामा, ट्रक की टक्कर से मौके पर ही मौत

सितारा न्यूज नेटवर्क

**कोटपूतली।** एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 14 साल की एक बालिका की मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक को आग के हवाले कर दिया। सूचना के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक और पूरा ट्रक जलकर राख हो गया। मामला जयपुर जिले में कोटपूतली कस्बे के गोपालपुरा रोड का है। इस दौरान ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार कोटपूतली के पास रामसिंहपुरा निवासी खुशी (14) पुत्री सुरेंद्र जाट की शुक्रवार रात आठ बजे अचानक तबीयत खराब हो गई। जिस पर उसका मामा उसे बाइक पर बैठाकर कोटपूतली अस्पताल ला रहा था। इसी दौरान गोपालपुरा रोड पर खरखड़ी मोड़ के पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे खुशी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मामा गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे का पता चलते ही बड़ी संख्या में आसपास के लोग मौके पर जुट गए। इस दौरान ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। गुस्साए लोगों ने देखते ही देखते ट्रक को आग के हवाले कर दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया, लेकिन तब तक पूरा ट्रक जल चुका था।

**मॉच्युर्री में रखवाया शवः** पुलिस ने शव को कोटपूतली के बीडीएम अस्पताल की मॉच्युर्री में रखवाया है। जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। वहीं मौके पर पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है।

# सफाई कर्मचारी भर्ती के लिए करनी होगी शौचालय-नालों की सफाई

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान में स्वायत्त शासन विभाग ने 13,184 पदों पर होने जा रही सफाई कर्मचारियों की भर्ती के सिलेक्शन प्रोसेस को फाइनल कर दिया है। प्रदेशभर के 176 निकायों में प्रैक्टिकल और इंटरव्यू के आधार पर उम्मीदवार का सिलेक्शन किया जाएगा। इसमें पहले प्रैक्टिकल एग्जाम के दौरान अभ्यर्थियों से शौचालयों, नालों, नालियों और पार्क की सफाई कराई जाएगी। शॉर्टलिस्ट हुए अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। दोनों के कुल 80 नंबर होंगे। इसकी मेरिट के आधार पर निकाय स्तर पर कैंडिडेट को पोस्टिंग दी जाएगी। उम्मीदवार अब सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए 4 अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद उन्हें फॉर्म में संशोधन के लिए 5 दिन का भी वक्त दिया जाएगा।

### CCTV से होगी प्रैक्टिकल टेस्ट की निगरानी

प्रैक्टिकल टेस्ट की निगरानी के लिए CCTV कैमरे लगाए जाएंगे ताकि भर्ती प्रक्रिया में किसी तरह की धांधली का आरोप न लगे। प्रैक्टिकल टेस्ट सिलेक्शन कमेटी में निकाय स्तर पर महापौर या सभापति, जिला कलेक्टर द्वारा मनोनीत फ्अर अधिकारी, उपमहापौर या समकक्ष जनप्रतिनिधि, सहायक अभियंता, चिकित्सा अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शामिल रहेंगे।

### 1 साल का अनुभव जरूरी

भर्ती में शामिल होने के लिए विभाग ने सफाई कार्य में अनुभवी को ही पात्र माना है। इसके लिए उम्मीदवार को किसी भी संस्था, घर, दुकान या फिर ऑफिस में एक साल तक सफाई कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र लेना पड़ेगा। इसके लिए विभाग ने अनुभव प्रमाण पत्र का प्रारूप भी जारी किया है। साथ ही राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित चरित्र प्रमाण पत्र भी देना होगा।

राजस्थान सफाई कर्मचारी भर्ती 2023 के लिए आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का राजस्थान का मूल निवासी होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी को राज्य के किसी भी नगरीय निकाय, केंद्र एवं राज्य के किसी भी विभाग, केंद्र एवं राज्य सरकार के आदेश द्वारा स्थापित स्वायत्तशासी संस्था/ अर्ध-सरकारी संस्थान में संवेदकों, प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से सफाई कार्य करने का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी न्यूनतम 1 साल का अनुभव प्रमाण पत्र आवश्यक है।राजस्थान सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष दीपक डंडोरिया ने कहा कि अक्सर देखा जाता है, जो लोग सफाई नहीं करते, वे भी सरकारी नौकरी के लिए भर्ती प्रक्रिया में आवेदन करते हैं। ऐसे में इस बार पहले प्रैक्टिकल टेस्ट होगा। इसमें उम्मीदवार से मौके पर सफाई कराने के साथ ही सफाई उपकरणों की जानकारी ली जाएगी। इसके बाद उसे इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। निकाय स्तर पर एक्सपर्ट कमेटी ही प्रैक्टिकल और इंटरव्यू के आधार पर अभ्यर्थी का सिलेक्शन करेगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कई बार सफाई कर्मचारी भर्ती हो चुकी है। जिसको लेकर बाद में धांधली के आरोप लगे हैं। ऐसे में इस बार सीसीटीवी कैमरे से भर्ती प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी ताकि बाद में कोई भी उम्मीदवार धांधली का आरोप न लगा सके।

### सिलेक्शन प्रोसेस

- अभ्यर्थियों का सिलेक्शन निकाय स्तर पर गठित समिति करेगी।
- इस बार इंटरव्यू से पहले प्रैक्टिकल टेस्ट आयोजित किया जाएगा।
- प्रैक्टिकल टेस्ट के 50 अंक और इंटरव्यू के 30 अंक निर्धारित किए गए हैं।
- कुल 80 अंक में से प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट बनेगी।
- अनुभव को तरजीह देने के लिए ही प्रायोगिक परीक्षा के अंक अधिक रखे गए हैं।
- प्रैक्टिकल टेस्ट के दौरान अभ्यर्थी से सफाई कार्य कराया जाएगा।
- अभ्यर्थी से शौचालय, नालों, नालियों और पार्कों की सफाई कराई जाएगी।
- अभ्यर्थियों से गीला और सूखा कचरा भी अलग करवाया जाएगा।
- सीवर कार्य में उपकरणों के इस्तेमाल का अनुभव भी देखा और जांचा जाएगा।

पूर्वानुमान> 27°

| | शनि | रवि | सोम | मंगल |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 30°c | 32°c | 30°c | 33°c |
| न्यूनतम> | 26°c | 27°c | 26°c | 26°c |

राजस्थान आवासन मंडल को मिले पुरस्कार और सम्मानों की फेहरिस्त हुई लंबी

# एक बार फिर हुआ नाम : अबकी बार 'आयुक्त अरोड़ा' और 'मंडल' दोनों का सम्मान

**मुंबई में आवासन आयुक्त को 'एग्जमप्लरी लीडर ऑफ द ईयर' और मंडल को 'एक्सीलेंस इन पीएसयू' अवार्ड से किया गया**

## मंडल को मिले पुरस्कारों और सम्मानों का आंकड़ा पहुंचा 31 पर



सितारा न्यूज नेटवर्क

स्पेशल ब्यूरोक्रेसी खबर

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल को मिले पुरस्कार और सम्मानों की फेहरिस्त में लगातार इजाफा होता जा रहा है। गुरुवार को मुंबई के ताज होटल में आवासन मंडल को 'एक्सीलेंस इन पीएसयू' और आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को 'एग्जमप्लरी लीडर ऑफ द ईयर' अवार्ड के साथ सूची में एक सम्मान और जुड़ गया। मुंबई के ताज लैंड्स एंड होटल में हुए भव्य समारोह में मंडल सचिव अल्पा चौधरी, निदेशक (लॉ) लेखराज जाग्रट, अनुज माथुर और बीएल स्वामी ने आवासन आयुक्त की ओर से दोनों राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त किए। दोनों पुरस्कार वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस की ओर से दिए गए हैं।



### पुरस्कार, सम्मान और शाबाशी शब्द बेजान चीजों में भी डाल सकते हैं जान

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि पुरस्कार, सम्मान और शाबाशी बेजान चीजों में भी जान डालने की ताकत रखते हैं। 4 साल पूर्व आवासन मंडल बेजान हो चला था लेकिन मुख्यमंत्री और नगरीय विकास मंत्री के उत्साहवर्धन के चलते हमें हिम्मत मिली। मंडल के कार्मिकों और अधिकारियों को बेहतर काम करने पर शाबाशी मिलने लगी और उनमें भी जोश का संचार होने लगा। मंडल की झोली में निरंतर पुरस्कारों का डलना मंडल के कार्मिकों की आमजन के प्रतिबद्धता व मेहनत को दशार्ता है।

### सफलता की सीढ़ियां : पुरस्कारों और सम्मानों का आंकड़ा पहुंचा 30 के पार

गौरतलब है कि आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की अगुवाई में पिछले चार वर्षों में मण्डल को कुल 31 अवार्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस, स्कॉच अवार्ड-2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आई.बी.सी और 'स्टार ऑफ गवर्नेंस -गोल्ड अवार्ड' और नरेडको द्वारा दिए 'रियल एस्टेट कॉन्क्लेव','ओएमजी-बुक ऑफ रिकार्डस' जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल हैं।

### पुरस्कार, सम्मान और शाबाशी शब्द बेजान चीजों में भी डाल सकते हैं जान

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि पुरस्कार, सम्मान और शाबाशी बेजान चीजों में भी जान डालने की ताकत रखते हैं। 4 साल पूर्व आवासन मंडल बेजान हो चला था लेकिन मुख्यमंत्री और नगरीय विकास मंत्री के उत्साहवर्धन के चलते हमें हिम्मत मिली। मंडल के कार्मिकों और अधिकारियों को बेहतर काम करने पर शाबाशी मिलने लगी और उनमें भी जोश का संचार होने लगा। मंडल की झोली में निरंतर पुरस्कारों का डलना मंडल के कार्मिकों की आमजन के प्रतिबद्धता व मेहनत को दशार्ता है।

## पंचाग

दिनांक: 15जुलाई 2023 शनिवार

विक्रम संवत2080 श्रावन कृष्ण पक्ष

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | त्रयोदशी | 20:31:56 | |
| पक्ष | कृष्ण | | |
| नक्षत्र | मृगशीर्षा | 24:22:07 | |
| योग | वृद्वि | 08:19:56 | |
| करण | गर | 07:51:31 | |
| करण | वणिज | 20:31:56 | |
| चन्द्र राशि | वृषभ | 11:21:15 | |
| चन्द्र राशि | मिथुन | 11:21:15 | |
| सूर्य राशि | मिथुन | | |
| दिशा शूल पूर्व | | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:43:38 | |
| सूर्यास्त | 19:21:48 | | |
| चंद्रोदय | 28:02:51 | | |
| चंद्रास्त | 17:44:48 | | |
| राहू काल 09:08 - 10:50 | | | |
| अभिजित | 12:05 - 12:59 | | |
| | **शुभ चोघडिया** | | |
| शुभ | 07:26 - 09:08 | | शुभ |
| चर | 12:33 - 14:15 | | शुभ |
| लाभ | 14:15 - 15:57 | | शुभ |
| अमृत | 15:57 - 17:40 | | शुभ |



विशेष जानकारी:-
प्रदोष व्रत:-आज
मास शिवरात्रि:-आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अजमेर देहात ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

### दलित महिला के साथ हुए अत्याचार को लेकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन




सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा व महिला मोर्चा अजमेर देहात के संयुक्त तत्वाधान मे ब्यावर विशेषाधिकारी को करौली जिले के हिण्डौन कस्बे मे दलित समाज की 18 वर्षिय लडकी के साथ गैंगरेप के बाद तेजाब से जलाकर गोली मारकर लाश को कुएं मे डालने के जघन्य अपराध की हृदय विदारक घटना को लेकर दलित समाज की लड़की को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर जिलाध्यक्ष चेतन गोयर के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर एससी जिला महामंत्री पार्षद रवि चौहान, जिला उपाध्यक्ष तिलोक तालेपा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा राजेश्वरी यादव, मंडल अध्यक्ष तारा सोनी, मंडल अध्यक्ष पुष्पा आसवानी, भाजपा अजमेर देहात की जिला मंत्री मंजू जांगिड़ , लीला रावत, कंचन रावत, शिखा गुप्ता, हेमंत चंदेल, रामेश्वर मेवाड़ा, मुकेश जटिया, महेंद्र सिंह यादव, पार्षद मुन्नी देवी, रामेश्वर गहलोत, मंडल अध्यक्ष विपिन गुजराती, मंडल अध्यक्ष रोशन डूंगरिया, महामंत्री हेमंत तमुरिया, मोनिका वर्मा, शिखा गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपति द्वारा हुए सम्मानित

## मिला सम्मान : जे.के. लोन अस्पताल के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर नीरज तंबोलिया को मिला राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर/दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान सरकार के जयपुर स्थित जे.के. लोन अस्पताल में कार्यरत सीनियर नर्सिंग ऑफिसर नीरज तंबोलिया को नर्सिंग क्षेत्र में उनके समर्पण और उत्कृष्ट सेवाभाव के लिए "राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड -2022" से सम्मानित किया। नई दिल्ली में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशभर में उत्कृष्ट सेवा देने वाले नर्सिंग कर्मियों को उनके सेवाभाव और समर्पण के लिए इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया। जे.के. लोन अस्पताल में कार्यरत सीनियर नर्सिंग ऑफिसर नीरज तंबोलिया ने अपने 31 वर्ष के सेवाकाल के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरीन काम किया है। उन्होंने रोड एक्सीडेंट में घायल लोगों को बचाने, आईसीयू में शार्ट सर्किट से लगी आग से रोगियों को निकालने में तथा कोरोना के दौरान रोगियों को निस्वार्थ सेवाभाव और साहस के साथ बचाने के साथ-साथ स्वास्थ्य शिक्षा के कार्यों में अनवरत सहयोग देने के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड 2022 दिया गया है।

### योग भगाए रोग, जीवन को करें निरोग

## मानव के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है योग



सितारा न्यूज नेटवर्क



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वैसे देखा जाए तो इस चराचर युग में योग ही ऐसा सशक्त माध्यम है जो मनुष्य को विभिन्न प्रकार के रोगों से मुक्ति दिलाता है । योग आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक प्रथाओं का एक समूह है, जिसकी उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी। योग का शाब्दिक अर्थ है जोड़ना। योग शारीरिक व्यायाम, शारीरिक मुद्रा (आसन), ध्यान, सांस लेने की तकनीकों और व्यायाम को जोड़ता वर्तमान परिप्रेक्ष्य में तो योग से भयानक से भयानक रोगों से भी निजात पायी जा सकती है । इस दृष्टि से देखा जाए तो तिलपट्टी के शहर में भी योग की महत्ता इन दिनों बढ़ती जा रही है और योग धारियों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है, इसी तरह अजमेर रोड स्थित आदर्श नगर में भी योग की व्यायाम शाला इन दिनों लोकप्रिय हो रही है, हालांकि यह व्यामशाला दीपक झवर के गार्डन पर प्रात 5:00 बजे संचालित होती है जिसमें प्रशिक्षक के रूप में सोनू अग्रवाल प्रतिदिन समस्त योग की वास्तविक महत्ता से सरोकार करवाते हुए व्यायाम की दिशा निर्देशन देती है तथा विभिन्न प्रकार के आसन क्रियाओं से शरीर को कैसे स्वस्थ रखें के बारे में बताते हुए योग का प्रशिक्षण देती है । प्रतिदिन योग और व्यायाम करने वालों ने साधकों में नंद किशोर शर्मा ,अमर चंद मूंदड़ा ,दीपक झवर, सचिन गर्ग,विष्णु धीमन ,यश, अरविंद अग्रवाल, आनंद कुमावत, भारतेंदु श्रीमाली, कमलेश कुमार मालू, कुंदन बिहारी शर्मा कुसुम मनीष गर्ग,मीनाक्षी, रेणु मालू,शालिनी,सुरेंद्र खंडेलवाल,सुरेश मनिहार, सहित कई पुरुष व महिलाएं है जो नियमित रुप से यहाँ योग व व्यायाम कर जीवन को निरोगी बनाते हैं ।

### पशु चिकित्सा संस्थाओं के लिए भवन निर्माण राशि 365 लाख स्वीकृत

# कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने झोटवाड़ा वासियों को दी सौगात

**जनता ने कृषि मंत्री कटारिया का जताया आभार**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां।** झोटवाड़ा विधानसभा की पशु चिकित्सा संस्थाओं के भवन निर्माण हेतु ?365 की शासन द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हुई ।

पंचायत समिति सदस्य रामनिवास शर्मा एवं हिंगोनिया के पूर्व सरपंच एवं झोटवाड़ा कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष दीपाराम ढाका ने बताया कि झोटवाड़ा विधानसभा के पशु चिकित्सालय हिंगोनियां, बोबास, डेहरा, श्योशिंगपुरा एवं मुरलीपुरा के लिए क्रमशः 37-37 लाख रुपए तथा पशु चिकित्सा केंद्र जोरपुरा सुंदरियावास , बस्सी नागा , हाथोज , भंभौरी , ढींढा ,सबरामपुरा , बस्सी झाझड़ा ,जोरपुरा जोबनेर आईदान का बास , के लिए क्रमशः 20 - 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत होने पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जीतू ढाका जिला परिषद सदस्य पेमाराम सेपट , हिंगोनिया सरपंच छीतर मल भूरोदिया, जोरपुरा सरपंच कजोड़ मल सिंघल, पूर्व सरपंच नंदलाल घासल, पूर्व सरपंच महेश ऐचरा , शिखर चंद जैन ,पंचायत समिति सदस्य गुलाब देवी ढाका , सुवालाल मीणा , सुवालाल निठारवाल, विनोद खरेटिया, कैलाश मौर्य आदि ग्राम वासियों ने कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया का आभार जताया।दूसरी ओर राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के जिला मंत्री भागचंद तंवर ने बताया कि नाबार्ड द्वारा प्रायोजित ग्रामीण आधारभूत विकास निधि की टी-29 परियोजना अंतर्गत पशुपालन विभाग की 535 पशु चिकित्सा संस्थाओं के भवन निर्माण हेतु 12332.16 लाख रुपए की शासन द्वारा जारी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति होने पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय सैनी, प्रदेश प्रमुख महामंत्री अर्जुन शर्मा, प्रदेश संरक्षक के. के.गुप्ता, जयपुर जिला अध्यक्ष रामजीलाल यादव , जयपुर जिला मंत्री भागचंद तंवर ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं कृषि पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया का आभार जताया।

### जोरपुरा-सुन्दरियावास को भी पशु चिकित्सा उपकेंद्र की सौगात



पशु चिकित्सा उपकेंद्र जोरपुरा सुन्दरियावास में नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्राचीन भवन जर्जर हालत में होने की वजह से पंचायत प्रशासन ने कृषि मंत्री लालचंद कटारिया को अवगत करवाया था जिस पर कटारिया ने अनुशंसा कर निर्माण स्वीकृति जारी करवाई। पशु चिकित्सा उपकेंद्र के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने पर जोरपुरा सुन्दरियावास सरपंच कजोड़मल सिंघल, पंचायत समिति सदस्य रामनिवास शर्मा,उप सरपंच कैलाश मीणा,वार्ड पंच राजू कुमार घासल,प्रेम देवी वर्मा, सन्तोष शर्मा,बजरंग लाल लौछब, मुरली राम कुमावत,गुल्ला राम शर्मा,रामप्यारी देवी लाखराण, बनारसी देवी मीणा,प्रेम देवी खटीक, गुल्ला राम हरिजन, समाजवादी ऋषि राज सिंह, डॉ राजेन्द्र लौछब, लालाराम लौछब, पुर्व उप सरपंच मदन लाल शर्मा समेत अनेक लोगों ने कृषि मंत्री कटारिया का आभार व्यक्त किया है।

### स्व.सुमिरन की स्मृति में विद्यालय की बालिकाओं को अभ्यास पुस्तिकाएं वितरित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल) ।** शहर के नगर परिषद रोड स्थित राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्व.सुमिरन गोयल की पुण्य स्मृति में परिजनों गुरुशरण गोयल व विष्णु दत्त गोयल द्वारा विधालय की बालिकाओं को 200 अभ्यास पुस्तिकाएं वितरित की गई । उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य अब्दुल हनीफ खान, पारी प्रभारी राजेंद्र प्रजापति, उप प्रधानाचार्य परमेश्वर सिंह, खीमराज कटारिया नरेश कुमार,केवल चंद फुलवारी, अंजना जेठवा, विमला मंडावरा, सुमन वशिष्ठ उपस्थित रहे

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

## भाजपा नेता व पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय मीना रहे लक्ष्मणगढ़ के दौरे पर



सितारा न्यूज नेटवर्क

**लक्ष्मणगढ़।** राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता व पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय मीना शुक्रवार को लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकताओं की बैठक ली और आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी को मजबूती देने तथा मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की। वही इस दौरान अभिभाषक संघ लक्ष्मणगढ़ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट प्रहलाद चौधरी व अन्य कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का साफा बंधन कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता तूफान बना, बीचगावा मण्डल अध्यक्ष रामसिंह दिनकर, मंडल अध्यक्ष नरपत सिंह, राहुल पटेल सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

### पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

## पौधारोपण कर शहीद की मनाई पुण्यतिथि, शहीद स्मारक पर हुआ कार्यक्रम



सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चतरपुरा में शुक्रवार को शहीद मनोज सिंह शेखावत की पुण्यतिथि सरपंच नीरज तौंगरिया की अध्यक्षता में शहीद स्मारक पर मनाई गई। इस अवसर पर युवाओं ने पौधारोपण करके पर्यावरण बचाने का संदेश दिया और उनकी सार संभाल की जिम्मेदारी ली। इस दौरान युवाओं ने शहीद मनोज सिंह अमर रहे का जयघोष किया। इस मौके पर हरिसिंह, दीपसिंह, रामजीलाल टेलर, नन्नूराम मीणा, पूरण सिंह, श्योपाल सिंह, बसराम चौधरी, बलबीर चौधरी, रघुवीर सिंह रामसिंह, विक्रम सिंह, महेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्रथम डाक कावड़ यात्रा पहुंचेगी आज



सितारा न्यूज नेटवर्क

**मंडावर।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम करणवास के डाक कावड़ यात्रियों की वापसी आज शनिवार को होगी। जिसे लेकर करणवास के शिव मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। करण वास निवासी पीआर सैनी जिला महामंत्री सैनी समाज ने बताया कि गांव करणवास के शिव भक्तों द्वारा प्रथम सुपरफास्ट डाक कावड़ लगभग 550 किलोमीटर की दूरी तय कर हरिद्वार से करणवास तक लाई जा रही है। जिसे लेकर आज प्रातः नया बस स्टैंड के पास स्थित अलवर फाटक से मुख्य बाजार गांधी चौक तथा सब्जी मंडी होते हुए करणवास के शिव मंदिर तक शोभायात्रा निकाली जावेगी।

## रामगढ़ पचवारा में 17 से होगा युवा महोत्सव

### 15 से 29 वर्ष के युवा ऑनलाइन पंजीकरण करवा कर ले सकेंगे भाग

**वरुण कामदार/रामगढ़ पचवारा।** उपखंड स्तर पर राजस्थान युवा बोर्ड के तत्वावधान में राजस्थान सरकार के बजट घोषणा के क्रियान्वयन हेतु राज्य के युवाओं में विभिन्न कला कलात्मक क्षेत्रों अपनी प्रतिभा को विकसित करने एवं युवा प्रतिभाओं की खोज हेतु हो रहे युवा महोत्सव को लेकर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजन समिति सदस्य प्रिंसिपल रामावतार मीना, भारत स्काउट स्काउट गाइड सचिव श्रीकांत शर्मा की मौजूदगी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ पचवारा में मीटिंग का आयोजन किया गया। स्काउट सचिव श्रीकांत शर्मा ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का लक्ष्य राज्य के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों की खोज करके, उन्हें प्रशिक्षण एवम् छात्रवृति की सुविधा देकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु तैयार करके उनको स्वावलंबन बनाना है। ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के विजेताओं को जिला स्तर पर भेजा जाएगा। मीटिंग में कन्या महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा से राजेश मीणा, लाल चंद गंडालिया, राजकुमारी मीना, सुरेश सैनी उपस्थित रहे।

**ये होगी प्रतियोगिताएं:** सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गायन, एकाभिनय, एकल गायन, आशुभाषण, चित्रकला, हरमोनियम, गिटार, भरतनाट्यम, मांडना, लुप्त दुर्लभ कला, हिंदुस्तानी गायन, शास्त्रीय नृत्य, कथक, ओडिशी, मणिपुरी, कुचीपुड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित होगी।

## संस्कार प्ले स्कूल का शुभारंभ आज

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शिक्षा ही मानव के सर्वांगीण विकास का प्रतीक मानी जाती है यदि वर्तमान परिपेक्ष्य की बात करें तो विद्यालय बच्चों के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इसी तथ्य को मध्य नजर रखते हुए आज शनिवार को संस्कार प्ले स्कूल का शुभारंभ होने जा रहा है विद्यालय सचिव अभिमन्यु गहलोत ने बताया कि गोदावरी आर्य कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में गोदावरी शिक्षण समिति द्वारा संचालित संस्कार प्ले स्कूल का शुभारंभ आज प्रातः 9:00 रखा गया है। जिसमें बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जाएंगे। छोटे बच्चों के लिए शुद्ध वातावरण, सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं के साथ स्कूल में सुविधा दी जाएगी, जिन विद्यालयों में संस्कारों की शिक्षा दी जाती है वे विद्यालय प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से समाज के विकास में भी योगदान देते हैं, साथ ही सुसभ्य नागरिक के निर्माण में भी अग्रण्य भूमिका निर्वहन करते हैं।

### करीब 10 हजार गरीब कन्याओं की शादी करवाने की दिल में है ठानी

# जनता का विधायक: गरीब और बेसहारा कन्याओं के मसीहा बने हैं 'हुडला'

### महुआ स्थित हुडला के ऑफिस में महज एक रुपए में किया जाता है शादी का रजिस्ट्रेशन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/महुआ।** लोगों की भलाई और सामाजिक सरोकारों के कामों में खुद को समर्पित करने के लिए अपनी हाई प्रोफाइल सरकारी नौकरी को तिलांजलि देकर राजनीति में दमदार तरीके से अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे महुआ विधायक ओमप्रकाश हुडला गरीब और बेसहारा कन्याओं के लिए मसीहा बने हैं, हुडला अब तक विभिन्न जाति और संप्रदाय के सामूहिक विवाह सम्मेलन में करीब 2000 गरीब और बेसहारा कन्याओं की शादी करवा चुके हैं हालांकि लक्ष्य करीब 10,000 कन्याओं की शादी करवाने का निर्धारित किया हुआ है जिसके लिए वे तन मन धन से पूरी तरह से प्रयासरत है, जानकार लोगों का कहना है कि वैसे राजनीति में आने से पहले अपनी सरकारी सेवाकाल के दौरान ही हुडला सामाजिक सरोकारों के कामों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया करते थे और विभिन्न जाति और बिरादरी के सामूहिक विवाह सम्मेलन में दिल खोलकर अपने स्तर पर मदद किया करते थे लेकिन राजनीति में कदम रखने के बात तो हुडला ने खुद को जन सेवा के लिए पूरी तरह से समर्पित कर दिया उसी का नतीजा है कि वे महुआ के अब तक के राजनेताओं और जनप्रतिनिधियों में सर्वश्रेष्ठ जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित हो गए हैं।

### अब तक करवा चुके हैं करीब 2000 कन्याओं की शादी

### हर जाति और बिरादरी के गरीब परिवारों को खुला ऑफर

### हुडला के महुआ स्थित कार्यालय पर कन्या के विवाह के लिए किया जाता है रजिस्ट्रेशन

जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश हुडला के महुआ स्थित कार्यालय पर किसी भी जाति और संप्रदाय का गरीब व्यक्ति अपनी बेटी, बहन की शादी का रजिस्ट्रेशन महज एक रुपए में करवा सकता है, शादियों के रजिस्ट्रेशन की यह प्रक्रिया साल भर चलती रहती है, जितना हो सके जिस बिरादरी से कन्या ताल्लुक रखती है उसी बिरादरी का वर तलाशा जाता है, इसके लिए बाकायदा वर-वधू की आयु, शिक्षा, शारीरिक तंदुरुस्ती इत्यादि सभी की गहनता से जांच की जाती है और वर वधु का अच्छा तालमेल होने पर ही दोनों का संबंध किया जाता है इसके लिए बाकायदा पहले परिचय सम्मेलन और फिर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करके वधु को परंपरागत रीति रिवाजों के अनुसार खुशी-खुशी दूल्हे के घर भेजा जाता है इसके लिए बाकायदा हुडला अपनी व्यक्तिगत जेब से पैसा खर्च करके वधू के लिए संपूर्ण दहेज व्यवस्था भी करते हैं, वधु को ऐसा महसूस ही नहीं होता कि उसकी शादी कहीं सामूहिक सम्मेलन में होती है उसे तो ऐसा लगता है जैसे वह अपने पिता के घर से विदा हो रही है, परंपरागत तरीके से सभी तरह की शादी की रस्में निभाई जाती है और संपूर्ण मंत्रोचार के साथ वर वधु के फेरे करवाए जाते हैं, गाजे-बाजे की व्यवस्था होती है, अच्छे भोजन की व्यवस्था होती है, वर और वधू पक्ष के परिजनों, रिश्तेदारों और निकट के लोगों को भी भोजन खिलाया जाता है, हुडला की ओर से आयोजित इन सामूहिक विवाह सम्मेलन में उस समय और चार चांद लग जाते हैं जब देश के नामी गायक कलाकारों और डांसरों को कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए बुलाया जाता है इन कार्यक्रमों में भारी भीड़ उमड़ पड़ती है क्योंकि हुडला की कोशिश यही रहती है कि बेटियों को धूम-धड़ाके के साथ विदा किया जाए ' जानकारों का कहना है कि हुडला की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन की मीठी यादें अगर कोई भूलना भी चाहें तो नहीं भूलता, खासतौर से वर वधु तथा उनके परिजन तो इस जीवन में इस तरह की सुनहरी यादों और शानदार शादी की तैयारियों के एहसास को एक पल के लिए भी अपने दिल से जुदा नहीं कर सकते।

### अंतरजातीय विवाह अगर कोई करना चाहे तो कोई एतराज नहीं

हुडला की कोशिश यही रहती है कि जितना हो सके वर और वधू एक ही बिरादरी के हो लेकिन अगर कोई अंतरजातीय विवाह करना चाहे तो हुडला की ओर से किसी भी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं है लेकिन इसके लिए वर और वधू की रजामंदी के साथ-साथ दोनों ही पक्षों के सदस्यों की रजामंदी जरूरी है, हालांकि प्रदेश की गहलोत सरकार ने अंतरजातीय विवाह करने वालों के लिए विशेष आर्थिक सहायता राशि की भी घोषणा की हुई है प्रदेश सरकार अंतरजातीय विवाह की प्रथा को जोर शोर से आगे बढ़ाने में जुटी हुई है क्योंकि आजकल हर जाति में बेटियों की काफी कमी हो गई है लड़का और लड़की के जन्म अनुपात में लंबा फासला लगातार होता जा रहा है इसलिए हर जाति में कुंवारे लड़कों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है इसलिए हुडला को भी अंतरजातीय विवाह पर किसी भी तरह का कोई एतराज नहीं है और ना ही वे किसी पर अंतरजातीय विवाह करने का प्रेशर डालते हैं।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन के खर्चे के लिए हुडला किसी के सामने झोली नहीं फैलाते, कोई मर्जी से डोनेट करें तो ठीक

हुडला की ओर से आयोजित किए जाने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन का पूरा खर्चा खुद हुडला उठाते हैं, इस खर्चे के लिए हुडला किसी के सामने अपनी झोली नहीं फैलाते लेकिन अगर कोई आगे बढ़कर गरीब और बेसहारा कन्याओं की शादी में मदद करना चाहे तो उसे मदद देने के लिए मना भी नहीं करते क्योंकि हुडला भी मानते हैं कि पौराणिक ग्रंथों में कन्यादान को सर्वश्रेष्ठ दान माना गया है इसलिए अगर कोई कन्या की शादी में किसी भी तरह का दान और गिफ्ट देना चाहे तो वह इन सामूहिक सम्मेलनों में खुशी खुशी दे सकता है इसके लिए किसी भी तरह की कोई पाबंदी नहीं है, बताया गया है कि हुडला की ओर से आयोजित किए जाने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में वधु को बाकायदा पलंग, फर्नीचर, सोफे, टीवी, फ्रिज, कूलर, पंखे, जेवर, कपड़े, बर्तन, अलमारी इत्यादि चीजें पेट के रूप में दी जाती हैं।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुडला किसी बेटी के बाप, किसी के भाई, किसी के नाना, किसी के मामा बन जाते हैं

सामूहिक विवाह सम्मेलन में ओम प्रकाश हुडला किसी बेटी के अगर पिता जीवित ना हो तो उसके पिता बन जाते हैं अगर किसी बेटी के मां नहीं हो तो मां बन जाते हैं अगर किसी बेटी के भाई नहीं हो तो भाई बन जाते हैं अगर किसी बेटी के नाना जीवित नहीं हो तो नाना बन जाते हैं अगर किसी बेटी के मामा नहीं हो तो मामा बनकर शादी की सारी रस्में निभाते हैं, स्टेज पर दूल्हे के साथ बैठी दुल्हन को शादी के मंडप पर इतना प्यार और सम्मान मिलता है कि वह अपने सारे दुख भूल जाती है और वह समारोह में मौजूद हुडला को अपना माता-पिता, भाई, नाना, नानी, मामा, मामी सब मान लेती है।

## रैणी सीबीईओ द्वारा स्कूलों का किया गया निरीक्षण

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नवलपुरा में 14 जुलाई 2023 गुरुवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रैणी के राजेंद्र मीना द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा फ्यूचर डायल कार्यक्रम के तहत सभी विधार्थियो को भविष्य मे तैयारी हेतु लक्ष्य, प्रेरित, रुचि अनुसार शिक्षा, मेडिकल, आईएएस, आरएएस, पद व उनकी योग्यता के बारे में सविस्तार से बताया तथा बालको से उनकी रुचि पूछी एवं पथ-पर्दशक अध्यापक को दिशा-निर्देश दिए तथा बताया कि राजीव गांधी कैरियर पोर्टल को अपने घर



पर बैठ कर लोगिन करने का प्रशिक्षण भी दिया। हेल्पडेस्क के बारे में जानकारी दी गई एवं एमडीएम निरीक्षण कर बाल गोपाल दुग्ध योजना व उड़ान योजना तथा बालको के प्रवेश, छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा कर प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। मिडिया को यह सारी जानकारी रैणी सीबीईओ राजेन्द्र मीना के द्वारा दी गई है।

## रावणा राजपूत समाज का बोर्ड गठित होने पर समाज ने जताया हर्ष

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** राजस्थान मे पिछले कई वर्षो से रावणा राजपूत समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनो व जन प्रतिनिधियो की और से हाईफा हीरो मेजर दलपत सिंह देवली के नाम से रावणा राजपूत समाज के बोर्ड गठन की मांग अलग अलग मंचो से लगातार उठाई जा रही थी। इसी कड़ी मे 03 मार्च 2023 को प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला के नेतृत्व मे प्रदेश भर से रावणा राजपूत समाज के लगभग दस हजार लोग विधान सभा घेराव के लिए जयपुर इक्ट्ठे भी हुए। उसी दौरान सरकारी अमले की सूचना पर सरकार की तरफ से सकारात्मक चर्चा के लिए पाँच सदस्सयीय दल विधान सभा बुलाया गया था। वहाँ पर जोधपुर विधायक मनीषा पंवार की मौजूदगी मे समाज कल्याण मंत्री टीकाराम जूली से बोर्ड गठन सहित समाज की सात मांगो पर सकारात्मक चर्चा हुई और मंत्री जूली ने कोर कमेटी के सदस्यो को विश्वास दिलाया कि आपकी कुल सात मांगे है उनमे से चार मांगे मुख्यमंत्रीजी से चर्चा कर शिघ्र मानली जायेगीं। उसी कड़ी मे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ट सलाहकार रणजीत सिंह गैंदीया के नेतृत्व मे रावणा राजपूत समाज के लोग मुख्यमंत्री के ओएसडी उेवराम सैनी से मिले और अपनी मांगो पर चर्चा की जिस पर अमल करते हुए




राजस्थान सरकार के शासन सचिव डा. समित शर्मा ने मेजर दलपत सिंह (हाईफा स्मृति) कल्याण बोर्ड बनाये जाने की घोषणा की। जिस पर अलवर रावणा राजनूत समाज के जिलाध्यक्ष बलबीर सिंह चौहान के नेतृत्व मे लोग इकट्ठा हुए और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताते हुए आपस मे एक दूसरे का मुॅह मीठा करवाया। इस दौरान हजारी सिंह, सुबेदार मानसिंह, विजय सिंह, भगवान सिंह लोकश सिंह राठौड़, रूपेन्द्र सिंह, एन.एस झाकडा, महावीर सिंह, प्रताप सिंह, नन्दू राठौड़, नारायण सिंह, सुमेर सिंह, धर्मेन्दर सिंह, रवि सिंह, रिषीराज सिंह, श्रवण सिंह, बच्चनसिंह, रामसिंह पाटन सहित दर्जनो रावणा राजपूत समाज के लोग मौजूद थे। मिडिया को यह सारी जानकारी गढ़ीसवाईराम से राजेश राठौड के द्वारा दी गई है।

### कांवडियों को भरतरी धाम के लिए किया रवाना

# शिव डाक कावड़ सेवा समिति के 25 कावड़ियों का डॉ पंकज गुप्ता ने पहनाया दुपट्टा, किया सम्मान







सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा / अलवर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी द्वितीय विशाल डाक कावड़ अलवर से त्रिपोलिया महादेव जी के होती हुई भरतरी गोमुख तक जाएगी। वहां से डाक कावड़ लेकर के वापस अलवर आएंगे और त्रिपोलिया महादेव जी एवं अपने अपने निवास स्थान के पास के मंदिरों में डाक कावड़ चढ़ाकर भोलेनाथ बाबा को याद करेंगे, भोलेनाथ बाबा से परिवार व देश की सुरक्षा शांति और सद्भावना की कामना करेंगे। इस मौके पर ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता, ने शिव डाक कावड़ सेवा संघ के 25 से अधिक सदस्यों को भोले का गेरुआ दुपट्टा पहना करके सम्मानित कर, अंबेडकर चौराहा स्थित महादेव मंदिर से रवाना किया। इस मौके पर, ब्रजभूमि के हरि सिंह चौधरी, कैप्टन उमराव लाल सैनी एवं कावड़ सेवा समिति के नितिन सैनी, मोहित बावलिया, डॉ शशांक यादव, अंकुर अग्रवाल, हेमराज गुर्जर, जीतू गुर्जर, हिमांशु धानका, दीपक विजय, विजय राजपूत, अजय चौधरी, अनुभव कुमार, सुमित धानका, विनीत शर्मा, रजत बावलिया, मयंक, अभय, आदि समिति के सदस्य उनके परिवार जन महिलाएं पुरुषों से अधिक सदस्य और आमजन उपस्थित रहे।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

चिंतन

# नया कीर्तिमान रचने के सफर पर 'चंद्रयान-3'

भारत के लिए चंद्रयान मिशन की सफलता बहुत जरूरी है। इससे पहले भारत दो बार आंशिक रूप से ही सफलता के करीब पहुंचा है। इसलिए चंद्रयान-3 की पूर्ण सफलता पर भारत के चंद्र अभियान का भविष्य टिका हुआ है। भारतीय स्पेस साइंस ने विश्व में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। सस्ते व सफल अंतरिक्ष मिशन में भारत की कोई सानी नहीं है, इस मामले में नासा भी इसरो से पीछे है। उपग्रह लांचिंग में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने विश्व स्तर पर कामयाबी हासिल की है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस आदि देशों के सैटेलाइटों को इसरो ने अंतरिक्ष में कक्षा में स्थापित किया है। इसरो के मंगलयान ने पहले ही चांस में सफलता का इतिहास रच दिया था, जब सबसे कम खर्चे में मंगल पर पहुंचा। लेकिन चंद्र मिशन के मामले में भारत उतना लकी नहीं रहा है। भारत ने वर्ष 2008 में चंद्रयान-1 को और वर्ष 2019 में चंद्रयान-2 मिशन को अंजाम दिया गया था। चंद्रयान-1 कमोबेस सफल अभियान था, क्रैश लैंडिंग के प्रयोग से चंद्रमा पर पानी का पता चला था, जिसकी पुष्टि नासा ने भी की थी। एक साल तक सफलतापूर्वक डाटा भेजने के बाद वर्ष 2009 में चंद्रयान-1 का भारत से संपर्क टूट गया था। इस मिशन को समाप्त मान लिया गया था। 2019 में चंद्रयान-2 मिशन के जरिये चंद्रमा के कठिन हिस्से दक्षिण ध्रुव में सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास किया गया था, लेकिन अचानक लैंडर से संपर्क टूट गया था, इसकी सॉफ्ट लैंडिंग नहीं हो सकी थी, तकनीकी गड़बड़ी से इसकी क्रैश लैंडिंग हो गई थी। च्रद्रयान-2 का अर्बिटर अब भी काम कर रहा है और वह चंद्रमा से डेटा भेज रहा है। 7.5 साल तक वह काम करेगा। पिछले दोनों मिशनों की कमियों को दूर करते हुए इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 को अति उन्नत बनाया है, जिसकी चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग की योजना है। भारत के लिए यह कठिन मिशन इसलिए है, क्योंकि चंद्रमा के साउथ पोल में अभी तक किसी भी देश ने अपना चंद्र मिशन पूरा नहीं किया है। चंद्रयान-3 सफल होगा तो ऐसा करने वाला विश्व का पहला देश भारत बन जाएगा। इसलिए दुनिया की भी नजर है। चंद्रमा पर अभी तक अमेरिका, रूस व चीन ने सॉफ्ट लैंडिंग का अपना सफल मिशन पूरा किया है, अब भारत अपना तीसरा प्रयास कर रहा है। सफल हुआ तो कतार में भारत चौथा राष्ट्र होगा। भारत स्पेस पावर तो है ही, अब स्पेस सुपर पावर बनने की राह पर है। भारत करीब दो दशक से चंद्र मिशन में लगा हुआ है, 15 अगस्त 2003 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने चंद्रयान कार्यक्रम की घोषणा की। चंद्रमा पर वायुमंडल नहीं होने से वहां लैंडिंग कठिन मिशन है। 'चंद्रयान-3' के सफल प्रक्षेपण की लागत हॉलीवुड की बड़े बजट की फिल्म से भी कम करीब 600 करोड़ रुपये है। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की ओर अपनी यात्रा शुरू कर दी है। इसमें एक स्वदेशी प्रणोदन मॉड्यूल, लैंडर मॉड्यूल और एक रोवर शामिल है। लैंडर की 'सॉफ्ट लैंडिंग' के बाद इसके भीतर से रोवर बाहर निकलेगा और चंद्र सतह पर घूमते हुए अन्वेषण कार्य को अंजाम देगा। यह चंद्र सतह की रासायनिक संरचना और खनिज संरचना के बारे में समझ बढ़ाने संबंधी कार्य करेगा। रोवर की अभियान अवधि एक चंद्र दिवस (धरती के 14 दिन) के बराबर होगी। चंद्रयान-3 भारतीय वैज्ञानिकों के चंद्र मिशन स्वप्न की उड़ान है, जो नया कीर्तिमान रचने के सफर पर है।

# क्या हुआ तेरा वादा, वो कसम.....?



जिरहनामा

कनक तिवारी

> नेहरू ने बार बार कहा मुझे समाजवाद के अलावा कोई तरीका गरीबी, बेरोजगारी, जनता की परस्तहिम्मती तथा दमन खत्म करने के लिए दिखाई नहीं देता। हमें राजनीतिक और सामाजिक ढांचे में व्यापक क्रांतिकारी बदलाव करने पड़ेंगे। संविधान सभा में बगावती मुद्रा के दामोदर स्वरूप सेठ ने चुनौती दी थी कि जो कहा जाए वह किया भी जाए, वरना संविधान के नाम पर गाल बजाने का कोई मतलब नहीं। सबसे दमदार तकरीर करते समाजवादी तेवर के प्रोफेसर के. टी. शाह ने दो टूक कहा था देश के सभी बड़े उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया जाए।

भारत में दुनिया का सबसे बहुसंख्यक लोकतंत्र और सबसे भारी भरकम संविधान है। प्रशासनिक नकेल केन्द्रीय और राज्य मंत्रिपरिषदों को दी गई है। राष्ट्रपति और राज्यपाल के औपचारिक नाम और हस्ताक्षर और मोहर से ही सरकारी कामकाज का संचालन होता है, लेकिन उन्हें मंत्रिपरिषदों से सहायता तथा सलाह लेनी होती है। भारत में संविधान की कायमी यूरो-अमेरिका परंपरा से भी आयातित है। अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस और जर्मनी सहित यूरोपीय तथा अन्य देशों के संविधान समेटते चुनिन्दा तीन सौ जनप्रतिनिधियों ने तीन साल की मशक्कत के बाद संविधान लिखा। मंत्रिपरिषदें आश्वासन देने और उन पर अमल करने की प्रतिनिधि संस्थाएं हैं। अधिनियमों, नियमों, प्रकल्पों और राजनीतिक पार्टियों के घोषणापत्रों में आश्वासन मुखर किए जाते हैं। अलग थलग पड़ी जनता भरोसा करती लगातार सरकारें चुनती जाती है। थोड़ी बहुत सेहतयाब गतिविधियों के बावजूद लोग सरकारों और सियासी पार्टियों से उदासीन, बेरुख और नाराज़ ज्यादा हैं। जनपथ बनने के बदले राजपथ में तब्दील हो गए लोकतंत्र में मंत्री और अफसर बोलते कम, टर्राते ज़्यादा हैं। लोगों की उम्मीदें मंत्रालयों, सचिवालयों और न्यायालयों की भी ड्योढ़ी पर भी दम तोड़ रही हैं। मरुस्थल में कहीं कहीं हरी वनस्पतियां दिखाई देती हैं। वैसे ही संविधान का पालन करते सरकारों में कभी कभार अच्छाई भी दिखाई देती है।


पौने दो सौ बरस हिन्दुस्तान पर हुकूमत कर गए अंगरेजों ने तश्तरी पर रखकर भारत को आज़ादी नहीं दी। 15 अगस्त 1947 को आज़ादी का जन्मदिन अंगरेजों ने भारत को तोहफे में दिया। भारतीय चरित्र को ही नष्ट करते अंगरेजियत ठूंसकर उसे रिटर्न गिफ्ट कहते बहला फुसलाकर ले लिया। भारतीयों को रटाया गया कि कहते रहें संविधान एक पवित्र दस्तावेज है। उसकी इबारतों को ध्यान से देखें और उन पर आचरण करें। लगातार

सिखावन दी गई कि स्वतंत्र भारत में सरकार लोककल्याणकारी संस्था है। उसके खिलाफ प्रतिरोध नहीं किया जाए। पचहत्तर वर्षों में लोग पीड़ति, पस्तहिम्मत और गुमराह होते गए। दस्तूर अब भी जारी है। आज़ादी की जद्दोजहद में केवल सवर्ण अमीर, मालगुजार, राजे रजवाड़े, उद्योगति और वकील, डॉक्टर जैसे पेशेवर ही नहीं लड़े। जनयुद्ध में सबसे बड़ी और गुणात्मक कुर्बानी और प्रतिभागिता वंचितों ने की। अपनी कुर्बानी करते सबसे ज्यादा ईमानदारी से गरीब सड़कों पर लड़े। जनता की प्रतिनिधि पार्टी कांग्रेस ने 62 वर्ष तक आज़ादी पाने मशक्कत की। नौजवान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद, भगतसिंह, अशफाकउल्लाह जैसे हजारों आज़ादी की ललक लिए अंगरेजों की जेलों में मर खप गए और फांसी भी चढ़ गए। महात्मा गांधी ने 1922 में कहा मेरे लिए स्वतंत्र देश और खुद मुख्तार संविधान का यही मतलब है कि हर नागरिक को बराबरी के अधिकार और देश चलाने में हिस्सेदारी और भूमिका दी जाएगी। सत्ताविहीन गांधी ने जवाहरलाल नेहरू को देश का सत्तासंकुल उत्तराधिकारी घोषित किया। 1931 में कराची प्रस्ताव में नेहरू की अगुवाई में कहा गया कि देश के बुनियादी प्रकल्पों, सेवाओं, खनिज संसाधनों, रेलवे और जहाजरानी सहित तमाम उद्योग पूरी तौर पर सरकारी नियंत्रण में रखे जाएंगे। कांग्रेस के सदस्य रहे समाजवादियों ने तो यहां तक ऐलान किया कि देश को राजेमहाराजाओं और जमींदारों वगैरह से मुक्त कर उनकी बेशुमार अचल मिल्कियत सरकार ले लेगी। उन्हें बहुत अधिक मुआवजा देने की ज़रूरत भी नहीं है।

नेहरू ने बार बार कहा मुझे समाजवाद के अलावा कोई तरीका गरीबी, बेरोजगारी, जनता की परस्तहिम्मती तथा दमन खत्म करने के लिए दिखाई नहीं देता। हमें राजनीतिक और सामाजिक ढांचे में व्यापक क्रांतिकारी बदलाव करने पड़ेंगे। संविधान सभा में बगावती मुद्रा के दामोदर स्वरूप सेठ ने चुनौती दी थी कि जो कहा जाए वह किया भी जाए, वरना संविधान के नाम पर गाल बजाने का कोई मतलब नहीं। सबसे दमदार तकरीर करते समाजवादी तेवर के प्रोफेसर के. टी. शाह ने दो टूक कहा था देश के सभी बड़े उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया जाए। वरना ये अमीर और उद्योगपति जनता की धमनी से खून पी लेंगे और हम कुछ नहीं कर सकेंगे। नवंबर 1947 में दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पहली बैठक में प्रस्ताव पास किया कि भोजन और कपड़े जैसी जरूरतें पूरी करने सबसे अमीर आदमी की आय सबसे गरीब आदमी की आमदनी से 40 गुना से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। फिर लगातार सत्ताधारी पार्टियों ने अपने अपने चुनाव घोषणा पत्रों और संविधानों में गरीबों, मुफलिसों, स्त्रियों, बच्चों, बेरोजगारों, दलितों और आदिवासियों को आर्थिक नीति में प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया। वह वायदा अब खुद अपनी नीयत में पस्तहिम्मत है। जनता समर्थक वायदों को पैदा करने वाली कांग्रेस ने ही प्रधानमंत्री नरसिंह राव और पहले वित्त मंत्री तथा बाद में प्रधानमंत्री बने डा. मनमोहन सिंह की अगुवाई में समाजवाद और गरीब समर्थक नीतियों को राष्ट्रीयकरण को हटाकर दफ्न करते निजी उद्योगों का मौसम बुन दिया। राष्ट्रीयकृत इरादों का निजीकरण किया गया। विशेष क्षेत्र विकास के नाम पर उद्योगपतियों को हजारों एकड़ सरकारी भूमियां और किसानों से जबरिया कबाड़कर खैरात और दहेज की तरह दे दी गईं। कहा गया ऐसे इलाकों में भारतीय कानून तक लागू नहीं होंगे। उसकी आड़ में मजदूरों का शोषण सभी रिकॉर्ड तोड़ने लगा। मौजूदा मोदी सरकार ने मनमोहन सरकार के मुकाबले कई गुना तेज गति से देश की दौलत पूंजीपतियों और उद्योगपतियों की तिजोरी में तोहफे की तरह दे ही दी है। बची खुची राष्ट्रीय संपत्तियां बिसूर रही हैं कि कब उन्हें जनता की संगति से बेदखल कर दिया जाएगा। सवाल है क्या किसी लोकतंत्र और संविधान का आर्थिक, सामाजिक, प्रतिबद्धता का फलसफा नहीं हो सकता? बहुमत प्राप्त दल की बनी सरकार के तेवर में ही यदि संविधान और लोकतंत्र को फंस जाना है, तो ऐसी षासन प्रणालियों से जनता का क्या लेना देना। अटल बिहारी वाजपेयी के अध्यक्षीय काल में भाजपा ने भी गांधीवादी समाजवाद को अपनाया था। अब गांधी और समाजवाद उनके उत्तराधिकारियों की आंखों की किरकिरी हैं। देश सैकड़ों हजारों सदियों पुराना है और अनंतकाल तक जीएगा। राजनीतिक पद मौसमी होते हैं। आज बारिश है। कल ठंड है। परसों गरमी है। कभी वसंत है। तो कभी अंधड़ है। दुनिया का सबसे बड़ा संविधान, सबसे बड़ी जम्हूरियत और सबसे पुरानी परंपराओं का मुल्क खुशनुमा देशों की सूची में बहुत नीचे गिर गया है। साक्षरता, स्वास्थ्य, नागरिक आजादी, प्रति व्यक्ति आय जैसे प्रतिमानों पर भारत के 140 करोड़ लोग पिछड़ रहे हैं। घिसट रहे हैं। अफसोसनाक हालत में हैं। जिस पार्टी के नेता पंथनिरपेक्षता लाने का श्रेय लूटते रहे हैं। वे आजकल भाजपा-संघ के कट्टर हिन्दुत्व से निपटने राम की ननिहाल और बजरंगबली की पुकार पर पेंटेंट करने की वर्जिष कर रहे हैं। दोनों बड़ी पार्टियों के सियासी जमावड़े में इतिहास को पीछे की ओर धकेलते कूपमंडूक जुगतों का मुकाबला है। लिखा रहे संविधान में कि देश में समावेशी संस्कृति है और विज्ञान का आधुनिक भाव बोध भी होना चाहिए। दकियानूस नेता और मंत्री बल्कि कई आलिम फाजिल नौकरशाह भी उलट आचरण कर रहे हैं। मौजूदा सावन के माह में अगर देश की बदहाली भी उन्हें हरी भरी दिखाई देती है। तो सावन के अंधे को तो ऐसा दिखाई देना मुहावरों में दर्ज हो ही चुका है।

## मिलान कुंडेरा


कुमार प्रशांत



# किसी का चुपचाप बोलना

मिलान कुंडेरा नहीं रहे ! मैंने तुरंत देखा कि वे कहां थे जब उनकी मृत्यु हुई ? इसलिए नहीं कि मुझे यह पता नहीं था कि वे पिछले कई वर्षों से फ्रांस की राजधानी पेरिस में रह रहे थे बल्कि इसलिए कि वे जहां रह रहे होते थे, वहां होते नहीं थे। मुझे इसी मिलान कुंडेरा का अपार आकर्षण रहा है। वह साहित्यकार भी क्या साहित्य रचेगा जो धरती पर कहीं भी अपना संसार नहीं रच सके। आप सोच कर देखिए कि मैं एक ऐसे लेखक की बात कर रहा हूं जिसे मैं जानता तो नहीं ही हूं, उसकी भाषा भी नहीं जानता। उसका देश भी मैंने कभी देखा नहीं। यह कहना भी जरूरी है कि उनकी हर रचना मैंने पढ़ी हो, ऐसा भी नहीं है। उनका अधिकांश साहित्य चेक भाषा में है; जब चेक में लिखना उन्होंने घोषणापूर्वक छोड़ दिया, तब के बाद से उनके साहित्य की भाषा फ्रेंच हो गई। मुझे इन दोनों में से एक भाषा भी नहीं आती है। हममें से अधिकांश लोग मिलान कुंडेरा को अंग्रेजी माध्यम से जानते हैं - अंग्रेजी, जिस भाषा में उन्होंने कभी लिखा नहीं। तो फिर आप ही बताइए, ऐसे लेखक को मुझ जैसा कोई जानेगा भी तो कैसे व कितना ! लेकिन मैं आपसे कह सकता हूं कि मैं मिलान कुंडेरा को लगातार अपने आसपास पाता रहा हूं - एक दोस्त लेखक की तरह नहीं, एक सहयात्री की तरह! यह भी कहना जरूरी है कि यदि निर्मल वर्मा न होते तो मेरे पास मिलान कुंडेरा भी नहीं होते। निर्मल वर्मा ने ही मिलान कुंडेरा से, उनके लेखन से मेरा परिचय करवाया था। वह दुबचैक का चेकोस्लोवाकिया था जिसे रूसी टैंकों ने घेर कर मार डाला था - बहुत कुछ उसी तरह जिस तरह आज वे ही रूसी टैंक यूक्रेन को घेर कर मारते जा रहे हैं। तब भी ऐसा ही था, आज भी ऐसा ही है कि सारी दुनिया तमाशाबीन बनी हुई थी। निर्मल वर्मा तब चेकोस्लोवाकिया में थे और चुप नहीं थे; यहां भारत में जयप्रकाश नारायण थे और चुप नहीं थे। जब भारत में कोई सोवियत खेमे के खिलाफ बोलने की हिमाकत नहीं करता था, जयप्रकाश चेक लोगों की स्वतंत्रता के पक्ष में खुल कर सामने आए थे, एक दवाब खड़ा करने की कोशिश भी की थी। मानवीय गरिमा के हनन पर जो साहित्य चुप रहे तो वह साहित्य नहीं है; जो गांधीवाला चुप रहे, वह गांधीवाला नहीं है, मेरी यह समझ उसी दौर में बनी। उसी दौर में मिलान कुंडेरा का साहित्य भी बना। विचार न हो तो आदमी होना शक्य नहीं है; प्रतिबद्धता न हो तो कलम उठाने से अर्थहीन काम दूसरा नहीं है। प्रतिबद्धता और ढोलबाजी में जो फर्क है, उसका विवेक खोये नहीं, यह जरूरी है। मुझे कुंडेरा इसलिए ही पसंद थे, अपने-से लगते थे। वे बला की प्रतिबद्धता से लिखते रहे लेकिन उनके समस्त लेखन में कोई ढोलबाजी नहीं थी। वे साम्यवादी देश चेकोस्लोवाकिया में पैदा हुए थे। तब का साम्यवाद वह नहीं था जो आज का है - पूंजीवादी घोड़े की दुम पकड़ कर, साम्यवादी नारेबाजी करने वाला विदूषक ! वह दुबचैक का दौर था जब वे अपने चेकोस्लोवाकिया में, रूस की तनी भृकुटि के बावजूद साम्यवाद का 'मानवीय चेहरा' बनाने में लगे थे। युवा कुंडेरा उन दुबचैक के साथ खड़े हुए। इसके बाद का पूरा इतिहास रूसी साम्यवादी शासन के पतन का इतिहास है जिसमें कितनी ही मूर्तियां टूटीं, कितनी आस्थाएं बिखरीं तथा कितने ही लोग मिटा दिए गए। दुबचैक खुद ही किसी गतालखाने में डाल दिए गए। कुंडेरा ने स्वप्नों के बिखरने के खिलाफ आवाज उठानी शुरू की। फिर वही हुआ जो सबसे सहज था : जिस साम्यवादी पार्टी के वे सदस्य ही नहीं थे बल्कि जिसकी पैरवी करने में वे कुछ भी उठा नहीं रखते थे, उसी पार्टी ने उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया। जितनी आजादी हम दें, उसमें खुश रह कर दिखने वाले साम्यवाद के साथ कुंदेरा का बनना नहीं था; नहीं बना। पार्टी छोड़ी फिर देश छोड़ा ! रूसी सोल्जेनित्सीन को भी सोवियत संघ छोड़ना पड़ा था और वे जा बसे थे अमरीका में। उनसे देश तो छूटा लेकिन वे कभी देश छोड़ नहीं सके। कुंडेरा ने अपना प्यारा देश छोड़ा, तो ऐसे छोड़ा कि छोड़ ही दिया। पेरिस में आ बसे तो वहीं के हो कर रह गए। भाषा भी छोड़ दी। फ्रेंच में लिखने लगे। लेखक किसी देश का नहीं, मूल्यों का होता है। अगर मूल्यों की पहचान साफ है और उनके प्रति प्रतिबद्धता पूरी है तो कहीं भी रहो, लिखोगे वही जो लिखना है; और जो लिखना जरूरी है। कुंडेरा ऐसी मान्यता को जीते थे। इसलिए फ्रांस में रहते हुए उन्होंने आजादी, अभिव्यक्ति और अस्मिता तीनों पर लगातार काम किया। आप कुंडेरा को बोलते कम ही सुनते थे क्योंकि वे मानते थे कि लेखक को नहीं, उसकी रचना को बोलना चाहिए। 1968 में उनकी पहली किताब आई ' जोक्स' यानी हंसी-मजाक लेकिन सत्ता समझ गई कि यह हंसी-मजाक नहीं है, तेजाब है। हंसी-मजाक का आलम यह है मिलान कुंडेरा के यहां कि किताबों के नाम भी उसी की बात करते हैं - लाफेबल लव्स, द बुक ऑफ लाफ्टर; लेकिन आप हंसी-मजाक में इसे उठा लेंगे तो फंस जाएंगे।

## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित

दर्शन

**श्रीरामकृष्ण परमहंस** । सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती।

## सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित

प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## अमरनाथ यात्रा



अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार को पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर की यात्रा के दौरान एक श्रद्धालु।

## आज की पाती

### नौकरशाही पर सरकार का नियंत्रण जरूरी

भारत में एक परंपरा है जिसकी लाठी उसकी भैंस। यहां जिसके पास सत्ता या कुर्सी की शक्ति होती है, उसकी हां में हां तो सभी मिलाते ही हैं, गलत और झूठ को देखकर भी चुपचाप धृतराष्ट्र बनना पड़ता है। यह हकीकत भी किसी से नहीं छुपी है कि देश में नौकरशाह सत्ताधारियों के हाथ की कठपुतली होते हैं। देश में ईडी के पड़ रहे छापे में की नौकरशाह बेनकाब हुए है। लोगों के गाड़े पसीने की कमीइ इन लोगों के घरों में कैद हो रही है। घरों में पलंग से लेकर बाथरूम से करोड़ों की नकदी बरामद की जा रही है।

- **शांतनु** मुखर्जी, भिलाई

## करंट अफेयर

### 'वैगनर' का कोई कानूनी अस्तित्व नहीं: पुतिन



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक समाचार पत्र से कहा है कि निजी सैन्य समूह 'वैगनर' कानूनी इकाई के रूप में अस्तित्व में ही नहीं है। पुतिन ने वैगनर समूह का जिक्र करते हुए कहा, 'निजी सैन्य संगठनों के संबंध में कोई कानून नहीं है। इसका अस्तित्व ही नहीं है।'पुतिन ने बताया जिसमें सैन्य समूह 'वैगनर' के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन सहित वैगनर के 35 कमांडर ने भाग लिया था। यह बैठक प्रिगोझिन और उसके सैनिकों द्वारा मॉस्को अधिकारियों के खिलाफ विद्रोह करने के ठीक पांच दिन बाद हुई थी। क्रेमलिन के एक अधिकारी ने इस सप्ताह की शुरुआत में इस बैठक का खुलासा किया था। पुतिन ने समाचार पत्र से कहा कि वे सभी एक जगह एकत्रित होकर अपनी सेवा दे सकते हैं। पुतिन ने पहले कहा था कि 'वैगनर' सैनिकों को यह तय करना होगा कि वे रूसी रक्षा मंत्रालय के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर करें, पड़ोसी देश बेलारूस चले जाएं या सेवानिवृत्त हो जाएं। पुतिन ने बताया कि जब उन्होंने अपना प्रस्ताव रखा था तो 'कई लोगों ने इस संबंध में सहमति जताई थी' लेकिन प्रिगोझिन ने इस विचार को खारिज कर दिया था और कहा था कि 'सैनिक इस तरह के फैसले से सहमत नहीं होंगे।'

## ऑफ बीट

### डाउन सिंड्रोम में बुढ़ापे के लिए डीएनए जिम्मेदार



डाउन सिंड्रोम से पीड़ित मरीजों में समय से पहले बुढ़ापे के लिए क्रोमोजोम-21 में मौजूद एक अतिसक्रिय जीन जिम्मेदार हो सकता है, जो डीएनए की मरम्मत की प्रक्रिया को बाधित करता है और ढलती उम्र से जुड़े लक्षणों को गति देता है। ब्रिटेन स्थित क्वीन मैरी विश्वविद्यालय के नेतृत्व में हुए एक नये अनुसंधान में यह दावा किया गया है। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक, शरीर में रासायनिक क्रियाओं में तेजी लाने वाले एंजाइम पर 'डीवाईआरके1ए' नामक जीन की अतिसक्रियता डीएनए की मरम्मत करने वाले तंत्र को प्रभावित करती है। इससे कोशिकाओं में मौजूद डीएनए को ज्यादा नुकसान पहुंचता है और उनके अधिक संवेदनशील हो जाने से बुढ़ापे की प्रक्रिया तेज हो जाती है। अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार, डाउन सिंड्रोम क्रोमोजोम-21 की एक अतिरिक्त प्रति या ट्राइसोमी-21 की मौजूदगी के कारण होता है। इस क्रोमोजोम के साथ जन्मे व्यस्कों में बुढ़ापे की जैविक प्रक्रिया से जुड़े लक्षण, मसलन-ऊतक पुनर्जनन क्षमता में कमी, जख्म भरने में देरी, ऑस्टियोपोरोसिस, मस्तिष्क की कोशिकाओं में क्षरण और प्रतिरक्षा कोशिकाओं का कमजोर पड़ना आदि जल्दी उभरने लगते हैं।

## ट्रेंड

### अंतरिक्ष यात्रा में नया अध्याय



चंद्रयान-3 ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में नया अध्याय लिखा। यह हर भारतीय के सपनों को ऊपर उठाते हुए ऊंची उड़ान भरता है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। मैं उनकी प्रतिभा को सलाम करता हूँ!

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भारत का स्वागत



विश्व इतिहास में एक विशालकाय, भविष्य के लिए निर्णायक भूमिका निभाने वाला देश, रणनीतिक साझेदार, मित्र। इस साल की परेड के लिए भारत को सम्मानित अतिथि के रूप में स्वागत करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है।

-इमैनुएल मैक्रों, फ्रांसीसी राष्ट्रपति


### वैज्ञानिकों को बधाई



हमारी सामूहिक खुशी सातवें आसमान पर है। हमारे वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और चंद्रयान 3 मिशन के सफल प्रक्षेपण में शामिल सभी लोगों की प्रतिभा, समर्पण और कड़ी मेहनत को धन्यवाद। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हमें बेहद गर्व है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### बाढ़ की साजिश



दिल्ली की बाढ़ केंद्र सरकार की साज़िश जब दिल्ली में बारिश नही हो रही है तो जानबूझकर दिल्ली में पानी छोड़कर दिल्ली को क्यों डूबा रही है बीजेपी? बीजेपी वालों शर्म करो कितनी घटिया राजनीति करोगे?

-संजय सिंह, आप सांसद




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## कोलायत में सर्व समाज समिति के द्वारा श्री राम कथा का सातवां दिन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** कोलायत में रघुनाथ जी के बाड़े में, मेन बाजार कोलायत चल रही राम स्वरूपाचार्य के सानिध्य में श्री राम कथा का 8जुलाई को शुरू हुई रामकथा का आज सातवां दिन है जिसमे भगवान राम के जीवन और उनके आदर्शों का बखान किया, महाराजी ने कहा कि राम कथा सुनने मात्र से जीवन में बदलाव नहीं आता बल्कि उनके आचरण को अपने जीवन में उतारने से मनुष्य के जीवन में बदलाव आता है। प्रभु श्री राम के आदर्शों पर चलकर मनुष्य सिर्फ अपने इस जीवन में ही बदलाव नहीं लाता बल्कि आगे आने वाले कई जन्मों के लिए भी पुण्य लाभ कमा लेता है। उन्होंने कहा कि आजकल हर घर में भाई भाई में झगड़ा होने की आम बात हो गई है लेकिन यदि राम के आदर्शों को माना जाए और भरत की तरह भाई बनकर सोचा जाए तो जीवन में कितना बदलाव हो सकता है इसकी कोई कल्पना नहीं कर सकता।यह राम कथा 8जुलाई से शुरू हुई 16 जुलाई तक चलेगी

## नीरज के पवन के समर्थन में धरना, वायरल हो रहा है मेसेजः




सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** संभागीय आयुक्त नीरज के पवन ने पिछले कुछ सालों में बीकानेर में काफी काये किये है और वो हमेसा से ही अपने मिलनसार व्यवहार और कड़े और जनता के हितों के फैसले के लिए जाने जाते है।अपने व्यवहार की वजह से उन्होंने जनता के दिलो में जगह बनाई है।और कुछ फैसलों की वजह से नेताओ की नाराजगी भी झेलनी पड़ी है।कल रात को जब उनके स्थानांतरण की खबर आई है तब से सोशल मीडिया पर उनका नाम ट्रेंड हो रहा है।हर कोई उनका आभार जता रहा है । आज दोपहर से ही एक मेसेज व्हाट्सएप्प और फेसबुक पर वायरल हो रहा है जिसमे लिखा है कि कल सुबह 10 बजे नीरज के पवन साब के समर्थन में और उनको को वापस बीकानेर में लाने के लिए कलेक्ट्रेट में धरना दिया जायेगा। किसी संस्था का नाम नही है बस बीकानेर की जनता और गॉ भक्त का नाम है और पूरे बीकानेर की जनता से ये अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा लोग पधारे।

## खेल स्टेडियम हेतु भूमि आवंटित करवाने का अतिरिक्त जिला कलक्टर को लिखित में सौंपा ज्ञापन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर ।** शुक्रवार जिला कलक्टर कार्यालय जयपुर में उप जिलाप्रमुख जयपुर, महासचिव राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मोहन डागर ने अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश कुमार शर्मा को ग्राम पंचायत खोराश्यामदास के ग्राम देगडावास में खेल स्टेडियम हेतु भूमि आवंटित करवाने का लिखित में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डागर ने बताया कि राजस्थान सरकार की ओर से आयोजित महंगाई राहत कैंप के दौरान ग्राम पंचायत खोराश्यामदास के जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों ने मुझे श्मशान भूमि के पास स्थित भूमि में खेल स्टेडियम हेतु लिखित में ज्ञापन सौंपा था।




## खिलेगी हरियाली : खंडेलवाल समाज जयपुर में करेगा 10 हजार पौधों का वितरण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/महेन्द्र प्रताप सिंह।** अखिल भारतीय खंडेलवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद खंडेलवाल तुंगावाला की उपस्थिति में शुक्रवार को स्वस्थ जयपुर ग्रीन जयपुर व डेंगू मुक्त अभियान के तहत प्रताप नगर सेक्टर -19 स्थित महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूल में छात्र - छात्राओं को 500पौधों का वितरणकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर तुंगावाला ने कहा कि हमारा समाज सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में अपनी भागीदारी निभाता है। वृक्षारोपण,जलसंरक्षण, ब्लड डोनेशन, स्वास्थ्य जांच शिविर जैसे प्रमुख कार्यों में समाज ने अपनी भागीदारी निभायी है। अब मानसून के समय महासभा द्वारा जयपुर में 10 हजार पौधों का वितरण किया जायेगा। जिसका आगाज आज शिक्षा के मंदिर में बच्चों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने के लिये किया गया। इस पौधा वितरण कार्यक्रम में मुख्य अथिति गंगा शरण गुप्ता, विशिष्ट अथिति भारतीय जनता पार्टी मालवीय नगर मंडल अध्यक्ष शैलेश शाह व स्टार हॉस्पिटल के डायरेक्टर राकेश केदावत रहे।

## महासचिव नियुक्त होने पर ग्रामवासियों ने उप जिलाप्रमुख डागर का किया स्वागत



**जयपुर ।** आमेर तहसील के ग्राम खोरा बीसल निवासी उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महासचिव नियुक्त होने पर ग्रामवासियों ने उनके निवास स्थान पर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान युवा नेता कमलेश डागर, सूवालाल जाट, बिरदी चन्द चौधरी , श्रवण लाल जाट, वार्डपंच छीतरमल जाट, सुल्तान स्वामी, ओमप्रकाश योगी, भगवान सहाय जाट, शिवराज उदय सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# ट्री मैन ऑफ राजस्थान सुरेन्द्र अवाना ने लगाए पूरे एक लाख पौधे, 13 साल पहले प्रतिदिन पेड़ लगाने का लिया था संकल्प





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** भारत सरकार से 9 बार पुरस्कृत प्रगतिशील किसान सुरेंद्र अवाना ने एक नया कीर्तिमान हासिल किया है। 13 साल पहले प्रतिदिन कम से कम एक पड़े लगाने का संकल्प लेने वाले अवाना ने शुक्रवार 14 जुलाई को 300 पेड़ लगाए। इसी के साथ अब तक पूरे एक लाख पेड़ लगाने का रिकॉर्ड उनके नाम हो गया। इस दौरान श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति जेएस संधू, गौपालन विभाग के निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार, पशुपालक विभाग के उपनिदेशक डॉ. लाल सिंह, पशुपालन विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. राजेश मान, वर्ल्ड एग्रोफोरेस्ट्री के स्टेट कॉर्डिनेटर डॉ. सत्य प्रकाश मेहरा, किसान रामेश्वर गोरा, जीवण राम गुर्जर और मंजू गियाड़ कई किसान मौजूद रहे। राजस्थान के ट्री मैन कहे जाने वाले सुरेंद्र अवाना जुलाई 2010 से प्रतिदिन पौधे लगा रहे हैं। शुक्रवार को बीचून के पास भैराणा गांव स्थित रुद्र शिवम डेयरी अनुसंधान केन्द्र पर आंवला, नीम, लेसवा और अनार की विभिन्न किस्मों के 300 पौधे लगाए गए।

### हर किस्म के फलदार और औषधीय पेड़ लगाए

प्रतिदिन पेड़ लगाने वाले सुरेन्द्र अवाना ने जयपुर शहर, भांकरोटा, रामचंद्रपुरा, बीचून, भैराणा, बोराज, महेशवास, उगरियावास और भन्दे बालाजी सहित कई स्थानों पर पेड़ लगाए। खासतौर पर सरकारी स्कूलों में पौधे लगाए और स्कूली बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। भैराणा स्थित रुद्र शिवम डेयरी अनुसंधान केन्द्र पर सभी प्रकार के फलदार और औषधीय पौधों की विभिन्न प्रजातियों के पेड़ लगाए हुए हैं। इनमें नीम, सेब, आम, अमरूद, पपीता, बील, सीताफल, चीकू, संतरा, लीची, आंवला, अंगूर, शहतूत, गूलर, जामुन, इमली, लेसवा, अनार जैसे फलदार पेड़ शामिल हैं। साथ ही अमलतास, अशोक, अर्जुन, गूंगा, कचनार, नीलगिरी, पलाश, तुलसी, ब्राह्मी, हल्दी, सहजना और मैथी सहित कई औषधीय पौधे भी लगाए हुए हैं। इनके साथ खेजड़ी, पीपल और बरगद के भी कई पेड़ लगे हैं।

### ऊंटनी के दूध की कुल्फी लांच

पिछले महीने 22 जून को दो दिन की ट्रेनिंग के बाद राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर ने प्रगतिशील किसान अवाना को ऊंटनी के दूध से विभिन्न उत्पाद बनाने का सर्टिफिकेट प्रदान किया। अवाना ने अब कुल्फी का उत्पादन शुरू कर दिया है। शुक्रवार 14 जुलाई को पहली बार ऊंटनी के दूध से बनी कुल्फी को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर जेएस संधु, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक लाल सिंह, पूर्व निदेशक, डॉ. राजेश मान सहित कई किसान मौजूद रहे।

### औषधीय गुणों से भरपूर है ऊंटनी के दूध की कुल्फी

श्री कर्ण नरेन्द्र सिंह कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के पूर्व कुलपति प्रो. जेएस संधू ने बताया कि ऊंटनी के दूध से बने उत्पाद हमारे शरीर के लिए बेहद गुणकारी है। डायबिटीज सहित कई तरह की बीमारियों के निदान के लिए ऊंट का दूध कारगर होता है। संधू ने कहा कि प्रदेश में ऊंटों की संख्या काफी कम है। ऐसे में ऊंटनी का दूध काफी कम मात्रा में उपलब्ध हो पाता है। यह अच्छी बात है कि जयपुर शहर के आस पास के गांवों में कुछ किसानों के पास ऊंट हैं। अब ऊंटनी के दूध से कुल्फी सहित विभिन्न उत्पाद बनने लगेंगे तो ऊंट पालने वाले पशुपालकों को भी फायदा होगा। पशुपालक दूध की बिक्री अच्छे दामों कर सकेंगे। संधू ने कहा कि ऊंटनी के दूध से बनी कुल्फी स्वादिष्ट होने के साथ हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक भी है।

नहीं बन रहीं बात...

# कर्मचारियों की मांगों को लेकर अधिशासी अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन

### पूर्व दिए गए 1 माह की समयावधि में नहीं हुए पूर्ण काज





सितारा न्यूज नेटवर्क

**अब फिर मिला 15 दिन का आश्वासन**

**जयपुर।** जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता प्रतापनगर फोर्थ दक्षिण के अधीन कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों की नई भर्ती करवाने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों का समय पर भुगतान करवाने, वेतन विसंगतियां दूर करवाने, जर्जर पंप आवासों की मरम्मत करवाने, पंप आवासों में लाइट की व्यवस्था करवाने व सरकारी आवासों में ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा किए गए कब्जों को खाली करवाने सहित अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार को राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने प्रताप नगर अधिशासी अभियंता एनके वर्मा के कार्यालय के बाहर वर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जयपुर शहर अध्यक्ष सहीउद्दीन ने बताया कि वर्मा को कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में 1 माह पूर्व ज्ञापन सौंपा था परंतु उन मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की जिससे आक्रोशित कर्मचारियों ने प्रताप नगर कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी करते हुए वर्मा के कार्यालय में घुसे वहां जमकर बैठे सहायक अभियंताओं अधिशासी अभियंता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कर्मचारियों से वार्ता की वार्ता के दौरान कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद भी अपने भुगतान के लिए बार-बार कार्यालय में चक्कर लगाना पड़ रहा है ना ही कर्मचारियों की भर्ती जर्जर हालात में पंपाउज व सरकारी क्वार्टर उनकी भी मरम्मत नहीं करवाई यही नहीं की कर्मचारियों को क्वार्टर आवंटित नहीं कर रहे और ठेकेदार बिना वजह से ही क्वार्टर पर कब्जे कर रखे हैं जिनका न कोई किराया कटता ना बिजली का बिल ना का पानी का बिल जबकि जो कर्मचारी क्वार्टरों में रह रहे हैं व एचआर कटा रहे हैं

सरकारी आवासों पर हो रही कब्जे को लेकर वहां के सहायक अभियंता रूपचंद जांगिड़ को कर्मचारी नेताओं ने खरी-खोटी सुनाई और कहा कि 3 दिन में सरकारी क्वार्टर पर जो ठेकेदार कब्जे कर रखे हैं उनसे जब से वह रह रहे तब से वसूली की जाए और तुरंत प्रभाव से खाली करवाते हुए जिन कर्मचारियों ने वाटर के लिए आवंटित कर रखा है उन्हें आवंटित कराया जाए मीटिंग के दौरान रूपचंद जांगिड़ सहायक अभियंता तैयारी के साथ नहीं है तो कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता एनके वर्मा व रूपचंद जांगिड़ के खिलाफ कक्ष में ही नारेबाजी करने लगे अधिशासी अभियंता ने कर्मचारियों को शांत करते हुए कहा कि सरकारी आवासों में हो रहे कब्जो को तुरंत खाली करवा दिया जाएगा और कर्मचारियों के जो भी काम पेंडिंग है उन्हें 15 दिवस के पूर्ण करने का आश्वासन दिया तब जाकर कर्मचारी शांत हुए।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर 15 दिवस में सरकारी आवासों पर हो रहे कब्जे को खाली व कर्मचारियों की मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 15 दिन बाद में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह शेखावत, प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा, शहर अध्यक्ष सहीउद्दीन, संभाग महामंत्री बनवारी लाल सैनी, वर्त अध्यक्ष प्रभु सिंह रावत, अजीत सिंह शेखावत, विजय सिंह, राम भक्त ओम प्रकाश मीणा, मालचंद सिंधी, लालचंद शर्मा, जगदीश सैनी, विजय कुमार नायक, ओम प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण, शर्मा, गोविंद प्रसाद, गोकुल सिंह दिवाकर पारीक, राजेंद्र कुमावत, सत्यनारायण यादव सहित कई कर्मचारी नेता उपस्थित थे।

## शराब ठेके पर वसूली जा रही अंकित मूल्य से अधिक राशि, आबकारी विभाग मौन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर (बिन्टू कुमार)** ।आबकारी विभाग की मिलीभगत से उपखंड नारायणपुर सहित अन्य ग्राम पंचायतो के ठेकों पर अंग्रेजी व देशी शराब पर अंकित मूल्य से 30 से 35 प्रतिशत अधिक राशि वसूल की जा रही है। आबकारी विभाग को इसकी शिकायत करने पर अनसुना कर रहे है। जबकि शराब ठेकेदार अपनी दबंगई दिखाकर ग्राहकों से अंकित मूल्य से अधिक रुपए वसूली कर रहे है। जानकारी के अनुसार रात 8 बजे बाद शराब की दुकान बंद हो जाने के बाद भी ठेकेदार द्वारा ग्राहकों को रात में ब्लैक से धडल्ले से अवैध रूप से शराब बिक्री की जाती है। ग्रामीणों की ओर से आरोप लगाया जा रहा है कि शराब की इन दुकानों पर रेट लिस्ट चस्पा नही करने के कारण इनके द्वारा एमसीडी क्वाटर (पव्वा) के ग्राहक से एमआरपी 145 रुपए के बजाय 180 रुपए व बीयर एमआरपी 145 की जगह 180 रुपए, आईबी क्वाटर एमआरपी 155 की जगह 190 रुपए, ऑफिसर चॉइस पव्वे के 110 रुपए की जगह 140 रुपए वसूल किये जा रहे है। वही अंग्रेजी शराब के अन्य ब्रांडों पर भी शराब ठेकेदारों की ओर से मनमाने दाम वसूल किये जा रहे है। शराब ठेकेदारों की चल रही मनमानी पर आबकारी विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नही किये जाने से शराब ठेकेदारों के हौसलें बुलंद है। इतना ही नही ठेकेदार द्वारा शराब के गोदाम से भी उपखंड कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों की नाक के नीचे खुलेआम शराब बेचीं जा रही हैं। इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि अगर ठेकेदार द्वारा एमआरपी से अधिक राशी पर शराब बेचीं जा रही है तो विभाग द्वारा जल्द कार्रवाई की जाएगी।

31 किलोग्राम फूलों की माला से किया स्वागत

## राहुल मीना को पीसीसी प्रदेश सचिव बनाये जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने भंवर जितेंद्र सिंह का किया भव्य स्वागत

### रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना भी शामिल हुए कार्यक्रम में

सितारा न्यूज नेटवर्क





**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना** । अलवर की राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र से राहुल ( अलेई ) मीना को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मे प्रदेश सचिव बनाये जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने अलवर फूल बाग मे जाकर पूर्व केंद्रीय मंत्री व आसाम प्रभारी भवर जितेन्द्र सिंह का जोरदार स्वागत सत्कार किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने भवर जितेन्द्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा व राहुल मीना( अलेई) और रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना (रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ) का संयुक्त रूप से 31 किलोग्राम की फूल मालाओ से स्वागत सत्कार किया। इस दौरान अलवर जिले से अनेक सरपंच व कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बढ़चढ़कर स्वागत सत्कार कार्यक्रम मे रूचि दिखाई। मिडिया को यह सारी जानकारी कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रदेश सचिव राहुल मीना ( अलेई ) के द्वारा दी गई।

आखिर, कैसे होगा रास्ता पार...

## खस्ता हाल : बैणिया का बास की कुमावत कॉलोनी का आवागमन बंद

### विधायक एवं सांसद महोदय को भी दिया कई बार ज्ञापन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां/शंकरलाल कुमावत।** कस्बे के राजस्व ग्राम बैनिया का बास की कुमावत कॉलोनी में तेज बारिश के कारण रास्ते में कटाव के कारण गहरे गड्डे हो जाने से वहां के लोगों का आवागमन बंद हो गया। वार्ड मेम्बर शंकरलाल कुमावत ने बताया कि गत दिनों तेज बारिश के कारण रास्ते में गहरे गड्डे बन गये हैं। जिससे आवागमन बिलकुल बंद हो गया है। रास्ते से साधन तो क्या पैदल भी नहीं आ-जा सकते हैं जिससे कुमावत कॉलोनी के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुमावत ने बताया कि ग्राम पंचायत प्रशासन को ही नहीं बल्कि विधायक एवं सांसद महोदय को भी कई बार ज्ञापन देकर अवगत करवा दिया गया है लेकिन पिछले 38 साल से कुमावत कालॉनी में किसी भी प्रकार का कोई विकास कार्य नहीं हुआ। हमेशा की तरह इस बार भी बारिश के आते ही परेशानी उठानी पड रही है। कुमावत ने ग्राम पंचायत प्रशासन सहित विधायक एवं सांसद महोदय को भी पत्र लिखकर बैनिया का बास सहित कुमावत कॉलोनि में आवागमन को सुगम बनाने के लिए सीसी सड़क, पेयजल स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं की मांग की है।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर तपेश बिधूड़ी को नेताजी सेवा रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाड़ी/अंकित गोयल।** बाड़ी नगर पालिका में कार्यरत कर्मचारी तपेश बिधूड़ी पुत्र प्रेमसिह बिधूड़ी को सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट और उल्लेखनीय भूमिका के लिए बाड़ी एसडीएम गिरधर सिंह मीणा के हाथों से नेताजी सेवा रत्न पुरस्कार गर्व से प्रदान किया जाता है। तपेश बिधूड़ी के काम को कई स्तरों पर मान्यता मिली है एसडीएम गिरधर सिंह मीणा ने बताया कि तपेश बिधूड़ी को सामाजिक सेवाओं एवं गरीब जरूरतमंद लोगों की सेवा और अपने कार्य को जिम्मेदारी एवं पूर्ण निष्ठा ईमानदारी से करने उत्कृष्ट उपलब्धि या सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं और तपेश बिधूड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं इसके साथ ही बिधूड़ी को बधाई देने वालों में एसडीएम गिरधर सिंह मीणा, तहसीलदार परसोत्तम लाल, अधिशाषी अधिकारी रामजीत सिंह, चेयरमैन कमलेश देवी, वरिष्ठ प्रारूपकार सुधीर कुमार त्यागी, बाड़ी हायर सेकंडरी प्रन्सीपल हरिओम सिकरवार, कनिष्ठ अभियंता योगेंद्र सिंह मीणा, बसेड़ी उप प्रधान मातादीन पोसवाल, इब्राहिमपुर प्रन्सीपल नीतू गुर्जर, नदवई एसडीएम जोगेन्दर कपासिया, सरनाम सिंह सरपंच, नबाब सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि होतम सिंह जाटव, सहित सभी पार्षद एव शहर के गणमान्य नागरिक एवं कार्मिकों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही है

### श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल बाड़ी द्वारा अग्र विराट महाकुंभ यात्रा को लेकर मीटिंग का हुआ आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाड़ी/अंकित गोयल।** गुरुवार शाम को शहर के वरखंडी महादेव मंदिर पर श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष अमित मंगल की अध्यक्षता में मीटिंग का हुआ आयोजन, मीटिंग के दौरान अध्यक्ष अमित मंगल ने बताया कि 23 जुलाई को होने वाले राजधानी जयपुर में अग्र महाकुंभ को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है हमारी पूरी टीम इस कार्य में तन मन से जुटी हुई है और हमारे पास अब तक 60 लोगो के नामांकन दर्ज हो चुके है मीटिंग के दौरान अध्यक्ष अमित मंगल ने सभी सदस्यों को अवगत कराया की हम सभी अग्रवाल बंधुओ को समाज के लिए एक जुट होकर शक्ति प्रदर्शन करना चाहिए और अपने सभी इष्ट मित्रों परिवारीजनों को लेकर एक दिन समाज के नाम चलना चाहिए मीटिंग के दौरान अध्यक्ष अमित मंगल, कोषाध्यक्ष निरंजन मंगल , उपाध्यक्ष सचिन मंगल, सूचना मंत्री मंथन मित्तल, संघटन मंत्री मोहित सिंघल, कार्यकारणी सदस्य दुर्गेश, अमन, विपिन, मोहित गर्ग, लकी , मोहित, गौरव, हिमांशु ,अतुल, रीतेश, अंकुश, कपिल, सहित अन्य नवयुवक मंडल सदस्य मौजूद रहे

### गुरु ही शिष्य को ज्ञान, अनुभूति, अनुशासन प्रदान करता है : साध्वी कमल प्रभा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सांवर मल शर्मा/आसींद।** शरीर में आत्मा है तब तक शरीर का महत्व है। आत्मा अजर अमर है जबकि शरीर नाशवान है। भक्ति में ही शक्ति होती है, भक्ति में तड़प होनी चाहिए जिसकी भक्ति में तड़प होती है उसकी भक्ति सच्ची होती है। मुक्ति प्राप्त करने के लिए भक्ति का होना जरूरी है, भगवान भी भक्तों के वश में होते है अगर आपकी सच्ची भक्ति है तो, सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करे। जब तक अज्ञानता दूर नही होगी तब तक ज्ञान की प्राप्ति नही होगी। गुरु ही शिष्य को ज्ञान, अनुभूति, अनुशासन के साथ नई दिशा प्रदान करता है। उक्त विचार मरुधरा ज्योति साध्वी कमल प्रभा ने महावीर भवन में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किए। साध्वी लब्धिप्रभा ने धर्मसभा में कहा कि गुरु प्राणदान होते हैं जीवन को चलाने वाले होते है , गुरु नौका की पतवार के समान होते है। गुरु प्रमाणिक हो, निष्ठावान, श्रद्धावान, पंच, महाव्रतधारी, प्रज्ञावान, विवेकशील, धीर, गंभीर हो। शिष्य ही गुरु की पहचान कर सकता है। गुरु शिष्य के लिए छत्र छाया है, जिसमे शिष्य निर्भय हो जाता है, चिंता मुक्त हो जाता है। जिसके सिर पर गुरु का हाथ है उसको डरने की जरूरत नहीं है। गुरु शिष्य के शिल्पकार होते है। साध्वी तरुण प्रभा, सुदर्शन प्रभा, मणि प्रभा ने मधुर गीतिका प्रस्तुत की। धर्म सभा में वरिष्ठ श्रावक तारा चंद रांका, पुखराज सिसोदिया, विमल कोठारी, जितेंद्र तातेड़, प्रकाश बंब, निर्मल मेहता आदि श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे। श्राविकाओं द्वारा आज सामूहिक एकासन का तप किया गया।

## पिछले 23 वर्षों से स्कूल शानदार बोर्ड परीक्षा परिणाम दे रहा है

# नवज्योति पब्लिक स्कूल ने जयपुर में बनाई नई पहचान

**इस वर्ष 48 छात्राओं का गार्गी पुरस्कार के लिए चयन हुआ**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** नव ज्योति पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बेनाड रोड, जयपुर ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है। विद्यालय ने शानदार परीक्षा परिणाम देकर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई। पिछले 23 वर्षों से स्कूल ने शानदार बोर्ड परीक्षा परिणाम देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। बहुत सारे विद्यार्थियों ने यहां से पढ़ाई कर अपने डॉक्टर, इंजीनियर ,आई ए एस, आर ए एस बनने का सपना पूरा किया है। विद्यार्थियों और अध्यापकों के अथक प्रयास से हर वर्ष की तरह विद्यालय में इस वर्ष भी सर्वोत्तम बोर्ड परीक्षा परिणाम दिए हैं। 14 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए तथा 40 से अधिक विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। नव ज्योति पब्लिक स्कूल के संस्थापक तथा प्रबंध निदेशक गणेश सैनी ने बताया की विद्यालय की स्थापना सन 2001 में हुई। अभिभावकों के विश्वास, शिक्षकों की मेहनत व विद्यार्थियों की सफलता से विद्यालय सफलतापूर्वक 23 वर्ष पूरे कर चुका है। वर्तमान में संस्था में अंग्रेजी माध्यम तथा हिंदी माध्यम अलग-अलग भवन में अध्ययनरत है। विद्यालय में स्कूली शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में अच्छे संस्कारों का विकास करने की भी पूरी कोशिश की जाती है। नव ज्योति पब्लिक स्कूल को क्षेत्र का बेस्ट स्कूल बनाने के लिए गणेश सैनी ने तथा संस्था से जुड़े सभी लोगों ने कड़ी मेहनत की। बच्चों तथा स्टाफ ने ना दिन रात हर समय अच्छे परिणाम लाने के लिए कड़ी मेहनत करते रहे। जिसका परिणाम यह है कि आज विद्यालय के ज्यादातर विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास हो रहे हैं तथा इस वर्ष 48 छात्राएं गार्गी पुरस्कार हेतु चयनित हुई है। विद्यालय प्रबंध निदेशक हर वर्ष बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए अनेकों प्रकार के पुरस्कारों की घोषणा करते हैं तथा बच्चे कड़ी मेहनत कर उन पुरस्कारों को हासिल कर ही लेते हैं। एक तरफ निशा बैरवा व पुनीत गौतम ने बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे परिणाम प्राप्त कर विद्यालय की तरफ से पुरस्कार हेतु स्कूटी प्राप्त की तो दूसरी तरफ दीक्षा सुथार व आर्यन यादव ने अच्छे बोर्ड परीक्षा परिणाम देने के साथ ?5100 का पुरस्कार प्राप्त प्राप्त किया। विद्यालय की होनहार छात्रा निशा बैरवा को राजस्थान सरकार की तरफ से प्रियदर्शनी अवार्ड के तहत ?100000 नगद पुरस्कार तथा एक स्कूटी प्रदान की गई। विद्यालय प्रबंध निदेशक का कहना है कि समाज का एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। हर माता-पिता को यह जरूरी कि वह अपने बच्चों को बड़े ख्वाब देखने से ना रोके बल्कि उनका मनोबल बढ़ाएं उनके मन से असफलता का डर निकाले उन्हें सफलता की ओर प्रेरित करें क्योंकि हमारे युवाओं में जबरदस्त संभावनाएं हैं, ऊर्जा है और कुछ कर गुजरने की भावना भी। विद्यालय इसी प्रकार सभी बच्चों का हौसला बढ़ाता रहेगा और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करता रहेगा।

पुलिस थाना चौमूं जयपुर पश्चिम की बडी कार्यवाही

# ओला कैब बुक कर कार की लूट करने वाले चार लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लुटेरों ने ओला कैब सीकर से जयपुर के लिए कराई थी ऑनलाइन बुक**

**लुटेरों ने पिस्टल व चाकू की नोक पर बीएफ आकार लूट की वारदात को अंजाम**

### लुटेरों द्वारा लूटी गई कार इटियोस टोयटा की गई बरामद



**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )।** विगत 30 जून 2023 को रात्रि के समय हाडौता क्रास पर सेंट एन्थसलम स्कूल के पास रात्रि को हुई कार लूट की वारदात के मामले मे पुलिस थाना चौमूं जयपुर पश्चिम ने बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया व ओला कैब बुक कर रात्रि के समय हाईवे पर कार लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चारों लुटेरों को पंजाब से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस थानाधिकारी चोमू विक्रांत शर्मा ने बताया कि 1 जुलाई 2023 को जयपुर निवासी परिवादी अजय कुमार पुत्र महावीर प्रसाद चौमूं थाने में एक रिपोर्ट इस आशय से पेश की थी कि 30 जून 2023 को मेरी गाड़ी टोयोटा जिसका न फ्ख- 14 ळऊ2822 है से सवारी छोड़कर सुजानगढ़ से सीकर की तरफ आ रहा था । उस समय रास्ते में मेरे मोबाइल पर फोन आया कि ओला ऑनलाइन कैब कंपनी से ड्यूटी आई की सवारियां जयपुर रेलवे स्टेशन छोड़ना है । उन्होंने मुझे फोन कर- के सीकर बस स्टैंड के पास बुलाया और जो सवारी मेरे पास ऑनलाइन ओला कंपनी से आई थी उनको लेकर रवाना हो गया उसके बाद हाड़ोता क्रॉस करने के बाद रात्रि करीब 11:30 पीएम पर सेंट एन्सलेम स्कूल के पास पहुंचा की कार में पीछे की तरफ बैठे लड़के ने मेरी गले पर धारदार हथियार चाकू लगा दिया व मेरी बगल में बैठे लड़के ने मेरे सिर पर पिस्टल तान दी फिर बोला कि मेरे हिसाब से गाड़ी चलाओ वरना तुम्हे जान से मार देंगे उसके बाद मैंने गाड़ी को धीरे धीरे चलाना शुरू कर दिया बाद में मौका पाकर चलती गाड़ी से कूद गया जिससे मेरे गले पर चाकू व गिरने से हाथ व सर में चोट लगी ।

मेरी गाड़ी टोयोटा को लेकर वो चारो लोग फरार हो गये । मेरी गाड़ी में मेरी गाड़ी के समस्त कागजात ओरिजिनल आरसी, परमिट ,इंश्योरेंस , फिटनेस , ड्राइविंग लाइसेंस व 4-5 हजार रुपये नकदी थे जो लूट कर ले गये । इत्यादि रिपोर्ट पर थाना हाजा में अभियोग दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया । दर्ज मामले को लेकर पुलिस द्वारा टीम गठित की गई ।टीम के अथक प्रयासों के बाद लूट के चारों आरोपियों गौतम शर्माउर्फ गोरु सुरेश कुमार राजेंद्र मीणा व सरदार गुर्जर को को चौमूं पुलिस द्वारा पंजाब से डिटेन के बाद आपराधिक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया । आरोपी द्वारा लूटी गई कार टोयोटा भी बरामद कर ली गई है ।पुलिस थाना अधिकारी विक्रांत शर्मा ने बताया कि आरोपी चारों मुल्जिमान गौतम शर्मा उर्फ गोरु पुत्र गुरुदेवजीत जाति ब्राह्मण उम्र 27 निवासी जालंधर पंजाब ,सुरेश कुमार पुत्र लादूराम जाति जाट उम्र 26निवासी नैनवा तहसीललक्ष्मणगढ़ जिला सीकर,राजेंद्र मीणा पुत्र मोहनलाल मीणा जाति मीणा उम्र 22 निवासी बिजोटा पुलिस थाना हनुमान नगर तहसील जहाजपुर जिला भीलवाड़ा, व सरदार गुर्जर पुत्र मदनलाल गुर्जर जाति गुर्जर उम्र 22 निवासी ग्राम बिचून पुलिस थाना जिला जयपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है । मुलजी मान पीसी रिमांड पर चल रहे हैं जिनसे प्रकरण हाजा में गहन अनुसंधान जारी है ।जिनसे वाली वारदातें खुलने की संभावना है । पुलिस की गठित टीम में सीनियर्स के सुपरविजन में पुलिस उप निरीक्षक रामपाल कॉन्स्टेबल सुप्रीम कॉन्स्टेबल मूलचंद कॉन्स्टेबल अमित व कांस्टेबल नरेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

### रेडियोग्राफर सोसायटी एवं निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राज्य सरकार के बीच स्कारात्मक वार्ता सम्पन्न



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** सोसायटी ऑफ राजस्थान रेडियोग्राफर एंड रेडियेशन टेक्नोलॉजिस्ट संघटन के बीच विभिन्न मांगो के संदर्भ में सकारात्मक वार्ता शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन जयपुर में संपन्न हुई जिसमे राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के रूप में सुरेश नवल निदेशक चिकित्सा एवम्‌स्वास्थ्य विभाग जयपुर डॉ. कमलेश चौधरी उपनिदेशक डॉ. मनीषा चौधरी उपनिदेशक चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य विभाग जयपुर उपस्थित रहे वही रेडियोग्राफर सोसायटी की और से प्रतिनिधियों के रूप में उजागर सिंह रेडियेशन सेफ्टी ऑफिसर मेडिकल कॉलेज कोटा संरक्षक रेडियोग्राफर सोसायटी राजस्थान वकी अहमद रेडियोग्राफर एस एम एस मेडिकल कॉलेज जयपुर प्रदेश अध्यक्ष रेडियोग्राफर सोसायटी राजस्थान अनिल कुमावत प्रदेश महासचिव महेश दुबे वरिष्ट रेडियोग्राफर मेडिकल कॉलेज कोटा एवम् प्रदेश उपाध्यक्ष रेडियोग्राफर सोसायटी जोगेंद्र बारोलिया वरिष्ट रेडियोग्राफर एस एम एस मेडिकल कॉलेज जयपुर प्रदेश सचिव दुर्गेश सैन जिला अध्यक्ष जयपुर देवनाथ त्यागी सदस्य रेडियोग्राफर सोसायटी राजस्थान उपस्थित रहे। इस दौरान रेडियोग्राफर संवर्ग की प्रथम नियुक्त पर ग्रेड पे 4200 करने रेडियेशन एलाउंस बेसिक का 10 प्रतिशत करने मेस अलाउंस नर्सिंग के समान करने रेडियोग्राफर ट्यूटर के नवीन पदो का सृजन करने विश्व रेडियोग्राफी दिवस पर सम्मान रेडियोग्राफर पदनाम परिवर्तन केडर रिव्यू टी एस पी एवम् नॉन टी एस पी डीपीसी करने स्टाफिंग पेटर्न 2008 संशोधित करने राजस्थान पैरामेडिकल रजिस्ट्रेशन एवम् रिन्यू फीस कम करने कोविड काल की प्रोत्साहन राशि वितरण में रेडियोग्राफर केडर का नाम डालने नवसृजित पदो की मेपिंग करने संविदा रेडियोग्राफर का वेतनमान बड़ाने सहायक रेडियोग्राफर भर्ती 2020,2023 भर्ती आचार सहिता से पहले पहले पूरी करने आदि मांगो पर सहमति बनी। उक्त मांगो पर सहमति का प्रस्ताव अगले हफ्ते तथ्यात्मक कार्यवाही विवरण के अनुसार राज्य सरकार को प्रस्तुत किया जायेगा।

# कांग्रेस अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के चलते वापस होगी रिपीट : भंवर जितेंद्र सिंह

सितारा न्यूज नेटवर्क



**युवराज शर्मा /अलवर।** शहर के फूलबाग में आज पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने जनसुनवाई की। जिसमें जिले भर से अपनी अपनी समस्या लेकर आमजन उपस्थित रहे। इस दौरान जिन्हे पार्टी में अभी नए पद मिले है उन्होंने जितेंद्र सिंह का स्वागत कर आभार जताया। सभी लोग अपने समर्थकों के साथ फूलबाग पहुंचे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं और काम के चलते वापस रिपीट होगी। महंगाई राहत कैंप ही नहीं जो भी पिछले 5 साल से काम हुए हैं चाहे स्कूल, कॉलेज, डिस्पेंसरी, पीएचसीसी आदि नए खुले हैं। सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारियों में ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर एक खास खुशी है जो पुरानी पेंशन है उनको वापस चालू करने का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने काम किया है। वह अपने आप में बड़ा कदम है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जैसे ही राजस्थान सरकार ने पेंशन जारी की वैसे ही भारत सरकार कहती है कि चालू नहीं करनी चाहिए थी। अगर कांग्रेस सरकार नहीं आई तो भारत सरकार की जो सबसे पहले तलवार चलेगी वह कर्मचारियों पर चलेगी।

**टिकट किसे मिलेगा पार्टी तय करेगी:** पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आगामी विधानसभा टिकट के सवाल पर कहा कि टिकट पूरा सर्वे करके दिया जाएगा। दूसरे प्रदेश के लोग भी आ रहे हैं और कर्नाटक चुनाव के अंदर जो हमने सीखा है उसको राजस्थान के अंदर इंप्लीमेंट करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने खुद को चुनाव लड़ने पर कहा कि कभी भी कांग्रेस पार्टी के अंदर यह नहीं होता कि हम अपने आप को घोषित कर ले जो पार्टी निर्णय करती है वहीं चुनाव लड़ता है।

### प्रदेश सचिव रवि गोयल द्वारा वाहनों पर विराट अग्र महाकुंभ के पोस्टर चस्पा कर जयपुर पहुँचने का किया आह्वान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बसेड़ी/अंकित गोयल।** अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश सचिव रवि गोयल दौपुरा वालो के नेतृत्व में बसेड़ी बाजार में चार पहिया एवं दुपहिया वाहनों पर "चलो जयपुर, पहुंचो जयपुर के" पोस्टर चस्पा कर 23 जुलाई रविवार को विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में, आयोजित होने वाले विराट अग्र महाकुंभ का प्रचार प्रसार कर अग्रबंधुओं से जनसंपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में जयपुर चलने का आह्वान किया।



युवा प्रदेश सचिव रवि गोयल ने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए, राजनैतिक और सामाजिक एकता के लिए अग्रवाल समाज को एकत्रित होकर अग्रकुंभ में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना होगा। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अशोक गर्ग ने कहा सभी अग्रबंधु आपसी मतभेद को भुलाकर एकजुट होकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में अग्र महाकुंभ जयपुर में सम्मिलित होकर विराट अग्र महाकुंभ को सफल बनाने में सहयोग करे। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल समाज के मंत्री के के मित्तल, अग्रसेन नवयुवक मंडल अध्यक्ष हेमंत बंसल, ऋषि गर्ग, जितेंद्र गर्ग मौजूद रहे।

## साधारण सभा की बैठक का हुआ आयोजन

# साधारण सभा की बैठक में अनुपस्थितअधिकारियों पर प्रधान ने जताई नाराजगी



**वरुण कामदार /रामगढ़ पचवारा** ।उपखंड मुख्यालय के पंचायत समिति सभागार में प्रधान डॉ कौशल्या मीना की अध्यक्षता मे शुक्रवार को साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक मे जिसमे बिजली पानी और रसद विभाग से संबंधित मुददो पर विचार विमर्श किया गया। जिसमे मौजूद सभी सरपंच और पंचायत समिति सदस्यो ने सदन को अवगत कराया कि ग्रामीण स्वच्छता, पेयजल योजना मे पाईप लाईन डाले जाने के दौरान तोडे गये। रास्ते दुरुस्त नही किय जा रहे। जिससे आवागमन मे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। साथ ही पेयजल योजना के चालू नही होने पर भी विद्युत बिल पंचायतो मे भेजे जा रहे है। जिनके संबंध मे ग्राम पंचायतो द्वारा बिल जमा नही कराने का निर्णय लिया गया। स्ट्रीट लाईटो के कारण ट्रांसफार्मरो पर लोड बढाये जाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ रसद विभाग की समस्याओ पर विचार विमर्श करते हुए खाद्य सुरक्षा व राशन कार्डो मे नाम जोडे जाने पॉर्टल चालू करवाने का निर्णय लिया गया है। सदन ने अन्य विभागो के संबंधित अधिकारी या प्रतिनिधि बैठक मे मौजूद नही होने पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए निर्णय लिया कि इन्हे आगामी बैठक मे मौजूद होने पाबंद किये जाने का निर्णय लिया। पंचायत राज विभाग के संबंध मे विचार विमर्श करते हुए पंचायत समिति रिक्त पदो पर स्टाफ लगाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में जन प्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। सूरज कटारा उपप्रधान, प्रदीप सिंह, डिम्पल शर्मा, रामपती देवी, कान्ता देवी, राजन्ती देवी, ललिता मीना, मुकेश लाल महावर एवं सरपंच संघ अध्यक्ष मोतीलाल मीना, हरसहाय मीना, बाबू लाल गुप्ता, राकेश मीना, किशन लाल बैरवा, विष्णु कुमार शर्मा व विकास अधिकारी राजाराम मीना, तहसीलदार अमितेश कुमार मीना, नायब तहसीलदार संजय शर्मा, सहायक अभियन्ता (विद्युत) घनश्याम लाल मीना, रविकान्त मीना सीडीपीओ, अभिषेक मीना जेईन पीएच डी, रामकिशन मीना रेंजर, मस्तराम महन्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, मनोज कुमार सोनी ब्लॉक शिक्षा विभाग प्रभूलाल बैरवा सहायक विकास अधिकारी, हरिमोहन मीना लेखाधिकारी आदि मौजूद रहे ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर आधारित तीन दिवसीय कार्यक्रम...

# एआईसीटीई ने यूईएम जयपुर में संकाय विकास कार्यक्रम का किया आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर )** । यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर द्वारा आयोजित सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित 3 दिवसीय-संकाय विकास कार्यक्रम, गुरुवार को उद्घाटन सत्र के साथ शुरू हुआ।एफडीपी का उद्देश्य संकाय के शिक्षण कौशल और व्यावसायिक विकास को बढ़ाना है। सदस्य यूईएम, जयपुर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करेंगे। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ देवी सरस्वती के आह्वान के साथ हुआ। तत्पश्चात एनसीसीआईपी एआईसीटीई टीम के विशिष्ट अतिथियों - डॉ. नवीन कुमार शर्मा (संसाधन व्यक्ति), डॉ. पीयूष शर्मा (सह-सुविधाकर्ता), डॉ. विजयपाल सिंह (पर्यवेक्षक) को यूईएम जयपुर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया। इस अवसर कुलपति,रजिस्ट्रार तथा डीन ने उद्घाटन भाषण की शुरूआत की । कुलपति प्रो. (डॉ.) विश्वजॉय चटर्जी द् ने अपने उद्घाटन भाषण में शिक्षा जगत में निरंतर व्यावसायिक विकास के महत्व पर जोर दिया ।और छात्रों के भविष्य को आकार देने में संकाय सदस्यों की महत्वपूर्ण



भूमिका को स्वीकार किया। वीसी ने एफडीपी के उद्देश्यों शैक्षणिक तकनीकों को उन्नत करना, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना और समग्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने पर प्रकाश डाला।

रजिस्ट्रार, प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा ने संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए यूईएम द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए सभा को संबोधित किया। उन्होंने संकाय सदस्यों को अपने संबंधित क्षेत्रों में नवीनतम प्रगति से अवगत रहने और बदलते शैक्षिक प्रतिमानों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। रजिस्ट्रार ने प्रतिभागियों को सहयोगात्मक शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए एफडीपी की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होने, अनुभव साझा करने और सहकर्मियों के साथ नेटवर्क बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। डीन, प्रोफेसर (डॉ.) अनिरुद्ध मुखर्जी ने अपना संबोधन एफडीपी के विशिष्ट उद्देश्यों पर केंद्रित किया। उन्होंने व्यक्ति के जीवन में मानवीय मूल्यों के महत्व और कक्षा में उच्च मनोबल का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए संकाय सदस्यों को आवश्यक कौशल से लैस करने पर जोर दिया। डीन ने छात्र-केंद्रित शिक्षण दृष्टिकोण के महत्व पर जोर



दिया और संकाय सदस्यों को उन नवीन शिक्षाशास्त्रों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जो महत्वपूर्ण सोच और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देते हैं। यूईएम, जयपुर में संकाय विकास कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र ने तीन दिवसीय कार्यक्रम के लिए सकारात्मक माहौल तैयार किया।कुलपति, रजिस्ट्रार और डीन सहित सम्मानित वक्ताओं ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए संकाय विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। एफडीपी के उद्देश्यों में छात्रों में सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों को विकसित करने के तरीके, न्यायसंगत और समतामूलक समाज में सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों की भूमिका, 21वीं सदी में सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों की चुनौतियां, सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों की चुनौतियों पर काबू पाने के तरीके शामिल हैं। शैक्षणिक कौशल को उन्नत करना, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना और प्रौद्योगिकी को एकीकृत करना, परिवर्तनकारी शिक्षण अनुभव प्रदान करने के लिए यूईएम की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।कार्यक्रम संकाय सदस्यों को उनके शिक्षण करियर में आवश्यक मानवीय मूल्यों से लैस करने और विश्वविद्यालय के समग्र विकास में योगदान देने का वादा करता है।

कुल मिलाकर, उद्घाटन सत्र ने सफलतापूर्वक संकाय विकास के महत्व को बताया और एक आकर्षक और ज्ञानवर्धक तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम के लिए मंच तैयार किया।इस एफडीपी में 50 से अधिक संकाय सदस्य भाग ले रहे हैं।एफडीपी का आयोजन मानविकी विभाग द्वारा किया जाता है और प्रोफेसर (डॉ) मुकेश यादव और डॉ स्नेहलता ढाका द्वारा समन्वयित किया जाता है। समारोह के संचालक प्रोफेसर संचारी बसाक और प्रोफेसर शिवानी सैनी रहे।

## रैणी प्रधान प्रतिनिधी मीना ने पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह से की मुलाकात



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना** । अलवर की रैणी पंचायत समिति के प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर क्षेत्र की समस्याओं व विकास कार्यो को ध्यान मे रखकर अपने कार्यकर्ताओ के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री व आसाम प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह से अलवर फूल बाग मे जाकर सुखद मुलाकात की और राजनीतिक चर्चा भी की। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधी के साथ पिनान से शिवदयाल मीना , आरडी बैरावण्डा , डीसी मीना कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भंवर जितेन्द्र सिंह ने क्षेत्र के विकास के लिए प्रधान प्रतिनिधी मीना को फुल आश्वासन दिया। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी मीना बैरावण्डा व कानेटी सरपंच प्रतिनिधी कमलेश मीना के द्वारा दी गई।



## बीकानेर भाजपा युवा मोर्चा 18 जुलाई को करेगा घेराव



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** भाजपा युवा मोर्चा राज्य में हुए पेपर लीक मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर में युवा आक्रोश महा घेराव करेगी। इसके लिए पूरे प्रदेश में तैयारियां की जा रही है। 18 जुलाई के आरपीएससी का घेराव किया जाएगा। उसी के तहत भाजयुमो बीकानेर शहर व देहात के संयुक्त तत्वाधान में भाजपा संभाग कार्यालय में भाजयुमो पदाधिकारीयों की बैठक आयोजित हुई।

जिला देहात महामंत्री श्याम पंचारिया ने कहा कि राजस्थान की गहलोत सरकार ने लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है. प्रदेश का युवा पेपर लीक की घटनाओं से निराश है, और युवाओं में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है. युवा विरोधी कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद सरकार ने युवाओं से वादाखिलाफी की.

युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष वेद व्यास ने बताया कि रीट भर्ती परीक्षा 2021 एवं आरएएस भर्ती परीक्षा 2018 में सरकार द्वारा प्रायोजित तरीके से पेपर लीक करवाया गया। अध्यक्ष बोले इस सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है.

युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जसराज सिंवर ने कहा कि कांग्रेस सरकार की सरपरस्ती में रीट भर्ती परीक्षा, कांस्टेबल भर्ती, लाइब्रेरियन भर्ती, हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती सहित दर्जनभर से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए है. उन्होंने युवाओं के साथ धोखे एवं उनका मनोबल तोड़ने के लिए कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन की भी चेतावनी दी।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भवानी पाईवाल ने कहा की बीकानेर जिले से सभी 37 मंडलों से कार्यकर्ता भाग लेंगे। जिले की सातो विधानसभा क्षेत्र से प्रत्येक से कार्यकर्ता महा घेराव में बसों एवम अन्य साधनों से जायेगे और राज्य सरकार की नीतियों को युवा विरोधी बताते हुये आलोचना की। मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह राजपुरोहित ने बताया की बैठक में जिला महामंत्री सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहै।

## भरियो का बाढ महामंगलेश्वर महादेव मंदिर में हुआ वार्षिक पाटोत्सव का आयोजन



**जयपुर।** आमेर तहसील के ग्राम रुण्डल भरियो का बाढ महामंगलेश्वर महादेव मंदिर में वार्षिक पाटोत्सव का आयोजन उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर के मुख्य आतिथ्य में हुआ इ वार्षिक पाटोत्सव में लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मन्दिर विकास समिति की ओर से पंगत प्रसादी का आयोजन हुआ इस अवसर पर सुरजभान यादव, रामसिंह खड़ोत्या, मालीराम सैनी, सुभाष घोसल्या, रामजीलाल सेपट, जगदीश कुडी, हीरालाल कुडी, जगदीश सेपट, मुरलीधर जीजवाडिया, मंगल दादरवाल, महेश कुडी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे




## कब मिलेगा लाभ : आखिर, शीत लहर का मुआवजा कब देगी राजस्थान सरकार : कुड़ी

### *कस्बे के पास खक बाबा धाम करणसर में आम आदमी पार्टी किसान मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बनवारीलाल कुड़ी अध्यक्षता में किसान चौपाल संपन्न*

सितारा न्यूज नेटवर्क



**अणतपुरा।** राजस्थान सरकार द्वारा शीत लहर के मुआवजे की प्रदेश में मांग उठ रही है।कुड़ी ने बताया कि 2022 दिसंबर में पूरे प्रदेश में शीत लहर से किसानों की सरसों, चना, जौ, की फसल में भयंकर नुकसान हुआ था, जिसको लेकर हमने सरकार को धरना प्रदर्शन ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया था लेकिन आज तक भी किसी किसान के खाते में ?1 भी शीतलहर का मुआवजा नहीं आया साथ ही कुड़ी ने बताया कि गौशालाओं में गायों को अनुदान राशि के रूप में एक गाय और बछिया का भुगतान ?150 प्रतिदिन का सरकार द्वारा दिया जाता है यह अनुदान राशि अगर सीधी किसान के खाते में डालने की प्रक्रिया चालू की जावे तो क्षेत्र में एक भी आवारा गाय घूमती नजर नहीं आएगी जिससे गाय भी खुश हो जाएगी और किसानों के खेतों को चौपट नहीं करेगी और किसानों को तारबंदी का बेवजह का खर्चा नहीं उठाना पड़ेगा साथ ही हर खेत को पानी हर पेट को पानी का नारा बुलंद हो ओर यमुना जल बंटवारा 1993 को लागू किया जाने सहित चंबल का पानी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के तहत गांव गांव में खेत-खेत में पहुंचाया जाने पर भी चर्चा रही साथ ही आगामी समय पर किसान महासभा बड़े स्तर पर आंदोलन करने जा रही है इस मौके पर आप ब्लॉक अध्यक्ष पचकोडिया मालीराम हनीनवाल बाबूलाल सेपट मदनलाल भगवाडिया कैलाश यादव मालीराम कनावाडिया सोहन लाल ओमप्रकाश जांगिड़ सरवन लाल गुर्जर ने भी अपने विचार रखे तथा आप की ग्राम कमेटिया बनाई गई।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# एशियाई चैंपियनशिप : तेजिंदर ने लगातार दूसरे साल जीता स्वर्ण, पारुल ने जीता सोना

भारतीय गोला फेंक एथलीट तेजिंदरपाल सिंह ने शुक्रवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखते हुए महाद्वीपीय सर्किट में अपना आधिपत्य स्थापित किया। हालांकि दूसरे थ्रो में सर्वश्रेष्ठ प्रयास के बाद वह लंगड़ाते हुए बाहर आए।

### तूर ने दूसरे थ्रो में 20.23 मीटर की दूरी तक फेंका गोला



एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

एशियाई रिकॉर्डधारी तूर ने दूसरे थ्रो में 20.23 मीटर की दूरी पर गोला फेंका लेकिन इस प्रयास के बाद वह 'ग्रोइन' हिस्से में चोट से लंगड़ाते हुए बाहर आए। इसके बाद उन्होंने कोई थ्रो नहीं किया। ईरान के साबेरी मेहदी (19.98 मीटर) ने रजत पदक और कजाखस्तान के इवान इवानोव (19.87 मीटर) ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

अभी तूर की चोट की गंभीरता का पता नहीं चल सका है लेकिन यह उनके लिए चिंता का विषय हो सकती है क्योंकि एक महीने बाद बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप शुरु हो रही है। तूर ने को बायीं कलाई में पट्टी बांधकर हिस्सा लिया था, उन्होंने कहा, 'हां, मुझे दर्द हो रहा था इसलिए मैंने और प्रयास नहीं किए।' तूर ने पिछले महीने भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैम्पियनशिप में 21.77 मीटर नए एशियाई रिकॉर्ड थ्रो से विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था।

### खिताब कायम रखने वाले तीसरे गोला फेंक एथलीट

तूर गोला फेंक स्पर्धा में जीत के प्रबल दावेदार थे। उन्होंने 19.80 मीटर के प्रयास के बाद दूसरे प्रयास में 20.23 मीटर दूर गोला फेंका। तूर (28 वर्ष) एशियाई चैंपियनशिप खिताब कायम रखने वाले तीसरे गोला फेंक एथलीट बन गए हैं। कतर के बिलाल साद मुबारक ने 1995 और 1998 तथा 2002 और 2003 में दो बार लगातार स्वर्ण पदक जीतकर यह उपलब्धि दो बार अपने नाम की है। कुवैत के मोहम्मद घारिब अल जिंकावी ने लगातार तीन बार 1979, 1981 और 1983 में पहला स्थान हासिल किया था। सात भारतीयों ने इससे पहले एशियाई चैंपियनशिप में गोला फेंक स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता है।



### अजित 73 किलो में चैम्पियन अजय ने स्वर्ण की हैट्रिक लगाई

**ग्रेटर नोएडा।** एशियाई खेलों के लिये चुने गए भारोत्तोलक अजीत एन ने अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में 73 किलोवर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि अजय सिंह ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की। विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों का टिकट कटा चुके अजीत (73 किलो) अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे लेकिन 308 किलो वजन उठाया जो दूसरे स्थान पर रहे इंग्लैंड के जोनाथन चिन से 22 किलो अधिक था। अजीत सितंबर में विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। वह ओलंपिक का कोटा हासिल करने की दौड़ में भी हैं। उनके लिये हालांकि राह कठिन है क्योंकि सीनियर पुरूष रैंकिंग में वह फिलहाल 32वें स्थान पर हैं।

### पारुल ने 9:38.76 सेकंड में पूरी की दौड़



28 वर्षीय पारुल चौधरी ने नौ मिनट 38.76 सेकंड के समय से आसान जीत हासिल की। उनका यह समय उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ नौ मिनट 29.51 सेकंड के समय से बेहतर रहा। चीन की शुआंगशुआंग जू (नौ मिनट 44.54 सेकंड) और जापान की योशिमुरा रेमी (9:48.48) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

### लंबी कूद में शैली ने जीता रजत पदक



भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या पांच हो गई। लंबी कूद की युवा एथलीट शैली सिंह ने भी पहली बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना पहला पदक रजत के रूप में हासिल किया। इससे भारत के लिए यह दिन शानदार रहा। भारत ने अभी तक नौ पदक जीत लिए हैं जिसमें पांच स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य शामिल हैं। बुधवार को एक कांस्य पदक के बाद भारत ने गुरुवार को तीन स्वर्ण और दो कांस्य पदक अपनी झोली में डाले थे।

## खबर संक्षेप



### दबाव से निपटने में मदद मिलेगी : क्रेग

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन का मानना है कि पैडी उपटन की सेवाएं मिलने से उनके खिलाड़ियों को आगामी एशियाई चैंपियंस ट्राफी और हांगझोऊ एशियाई खेलों में दबाव से निपटने में मदद मिलेगी। हॉकी इंडिया ने हाल में मानसिक अनुकूलन विशेषज्ञ पैडी उपटन से करार किया है, जो उस भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा थे जिसने 2011 वनडे विश्व जीता था। हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में फुल्टन ने कहा, 'खेल में जो खिलाड़ी मानसिक रूप से मजबूत होते हैं, वे सामान्यतः: सबसे निरंतर रहते हैं और हारने के बजाय ज्यादा जीत हासिल करते हैं।'

### एशियाई खेलों की पुरूष क्रिकेट टीम में रिंकू सिंह भी, गायकवाड़ कप्तान

**नई दिल्ली।** रूतुराज गायकवाड़ को हांगझोउ एशियाई खेलों के लिये भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया जबकि आईपीएल स्टार रिंकू सिंह को भी टीम में जगह मिली है। एशियाई खेल वनडे विश्व कप के दौरान होने हैं लिहाजा बी टीम चुनी गई है। एशियाई खेलों में क्रिकेट आखिरी बार 2014 में खेला गया था जब भारत ने हिस्सा नहीं लिया था।

**टीम इंडिया :** रूतुराज गायकवाड़ (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे, प्रभसिमरन सिंह। **स्टैंडबाय :** यश ठाकुर, साइ किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, साइ सुदर्शन।

### एशियाई खेलों के महिला क्रिकेट टीम का ऐलान, घोष की वापसी

**नई दिल्ली।** युवा तेज गेंदबाज टिटास साधु को सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों के लिये भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। महिला क्रिकेट स्पर्धा 19 से 28 सितंबर तक खेली जायेंगी। दाहिने हाथ की तेज गेंदबाज साधु ने दक्षिण अफ्रीका में पहले अंडर 19 महिला विश्व कप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हरमनप्रीत कौर टीम की कप्तान होंगी जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान होंगी।

**भारतीय टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, अमनजोत कौर, देविका वैद्य, अंजलि सरवानी, टिटास साधु, राजेश्वरी गायकवाड़, मीनू मणी, कनिका आहूजा, उमा छेत्री, अनुषा बेरेडी। **स्टैंडबाय :** हरलीन देयोल, काशवी गौतम, स्नेह राणा, सैका इशाक, पूजा वस्त्राकर।

### रेनेडी बने बेंगलुरु के सहायक कोच

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी ने शुक्रवार को पूर्व भारतीय मिडफील्डर रेनेडी सिंह को तीन साल के अनुबंध पर अपना सहायक कोच नियुक्त करने की घोषणा की।


## टेस्ट

# भारत का दबदबा, जायसवाल ने खेली 171 रन की शतकीय पारी

### कोहली का अर्धशतक भारत को 250 रन की बढ़त

एजेंसी ▶▶| रोसीयू

यशस्वी जायसवाल पदार्पण टेस्ट में 150 रन बनाने वाले तीसरे भारतीय न गए जबकि विराट कोहली के अर्धशतक के साथ भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को लंच तक चार विकेट पर 400 रन बना लिये। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 312 रन से आगे खेलते हुए भारत ने तीसरे दिन सुबह के सत्र में 29 ओवर में 88 रन बनाये जबकि जायसवाल (171) और अजिंक्य रहाणे(तीन) के विकेट गंवाये। भारत के पास अब तक 250 रन की बढत हो गई है। काफी टर्न ले रही धीमी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कोहली ने नाबाद 71 रन बनाने के लिये 170 गेंदे खेली। अपने पदार्पण टेस्ट में शतक लगाने वाले जायसवाल ने जैसन होल्डर को स्ट्रेट ड्राइव लगाकर शुरूआत की। होल्डर के साथ बायें हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन ने गेंदबाजी की शुरूआत की और कोहली को उन्हें खेलने में काफी दिक्कत आई। कोहली को 40 के स्कोर पर जीवनदान मिला जब कैरेबियाई कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने उनका कैच छोड़ा।



**यशस्वी जायसवाल**
171 रन
387 गेंद
16 चौके
01 छक्का

**आठ गेंदबाजों को आजमाया**

वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने आठ गेंदबाजों को आजमाया लेकिन सफलता पदार्पण कर रहे ऑलराउंडर एलिक अथानाजे (33 रन पर एक विकेट) और जोमेल वारिकन (82 रन पर एक विकेट) को ही मिली। ऑफ स्पिनर राहकीम कोर्नवाल पहले सत्र में प्रभावी नजर आए लेकिन छाती में संक्रमण के कारण उन्हें ड्रेसिंग रूम वापस लौटना पड़ा।

### द.अफ्रीका दौरे का ऐलान

टीम इंडिया को दिसंबर-जनवरी के महीने में द.अफ्रीकी धरती पर तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलनी है। अब भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड और क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने इस दौरे के लिए शुक्रवार को शेड्यूल का ऐलान कर दिया। द.अफ्रीका दौरे पर भारतीय टीम तीन टी20, तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा, 'फ्रीडम सीरीज सिर्फ इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है क्योंकि इसमें दो शानदार टेस्ट टीमें शामिल हैं, बल्कि इसलिए भी क्योंकि यह महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला के सम्मान में होता है।



**भारत का द.अफ्रीका दौरा**

| दिनांक | प्रारूप | स्थान |
|---|---|---|
| 10 दिसंबर | टी20 | डरबन |
| 12 दिसंबर | टी20 | पोर्ट एलिजाबेथ |
| 14 दिसंबर | टी20 | जोहानिसबर्ग |
| 17 दिसंबर | वनडे | जोहानिसबर्ग |
| 19 दिसंबर | वनडे | पोर्ट एलिजाबेथ |
| 21 दिसंबर | वनडे | पर्ल |
| 26 से 30 दिसंबर | टेस्ट | सेंचुरियन |
| 3 से 7 जनवरी | टेस्ट | जोहानिसबर्ग |

# सिंधू, सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, शंकर भी जीते



एजेंसी ▶▶| काउंसिल ब्लफ्स

दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन ने सीधे गेम में जीत दर्ज करके यहां अमेरिका ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला और पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने कोरिया की सुंग शुओ युन को 21-14, 21-12 से हराया। पिछले सप्ताह अपने कनाडा ओपन सुपर 500 खिताब जीतने वाले सेन ने चेक गणराज्य के जेन लोदा को 39 मिनट में 21-8, 23-21 से हराया। सिंधू का अगला मुकाबला चीन की गाओ फांग जी से होगा, जबकि पुरुष एकल में मुकाबला दो भारतीय के



बीच होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त सेन चेन्नई के 19 वर्षीय एस शंकर मुथुसामी से भिड़ेंगे। विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2022) के रजत पदक विजेता ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए इजराइल की मिशा जिल्बरमैन पर 21-18, 21-23, 21-13 से जीत दर्ज की।

# बजरंग को ट्रायल से छूट नहीं दी जाए : पंजाब कुश्ती संघ

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

*एशियाई खेलों के लिये निष्पक्ष ट्रायल कराने को लेकर आईओए की तदर्थ समिति पर दबाव तेज हो गया है और पंजाब कुश्ती संघ ने शुक्रवार को साफ तौर पर समिति से कहा कि 65 किलोवर्ग में जसकरण सिंह उतरेंगे और किसी भी पहलवान को बिना ट्रायल के नहीं उतारा जाये। पीडब्ल्यूए महासचिव आर एस कुंडू ने समिति के प्रमुख भूपेंदर सिंह बाजवा को पत्र लिखकर कहा कि समिति किसी भी पहलवान (बजरंग पूनिया) को ट्रायल में छूट नहीं दे। पत्र में लिखा गया ,'' अगर चयन ट्रायल नहीं हुए तो यह जसकरण सिंह के साथ नाइंसाफी होगी। हर भारवर्ग में*



*हर खिलाड़ी को एशियाई खेल 2023 के चयन ट्रायल में भाग लेने का अधिकार है।''उन्होंने कहा ,''पंजाब कुश्ती संघ फ्रीस्टाइल कुश्ती में जसकरण सिंह के नाम की अनुशंसा करता है। इसके साथ ही तदर्थ समिति से एशियाई खेलों के 65 किलो भारवर्ग में चयन ट्रायल कराने का अनुरोध है।'' बजरंग ने तोक्यो ओलंपिक में इसी वर्ग में कांस्य पदक जीता था। जसकरण पिछले महीने अंडर 23 एशियाई चैम्पियनशिप में चौथे स्थान पर रहे थे। शुक्रवार को छोटू राम अखाड़ा की 24 महिला पहलवानों ने समिति से निष्पक्ष ट्रायल कराके हर पहलवान को मौका देने का अनुरोध किया। उन्होंने अपने ईमेल की प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और आईओए अध्यक्ष पीटी उषा को भी भेजी। वहीं तदर्थ समिति अभी तक दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम पर 22 और 23 जुलाई को होने वाले ट्रायल का प्रारूप और मानदंड तय नहीं कर सकी है। समिति के सदस्य ज्ञान सिंह ने कहा कि बैठक शनिवार को होगी जिसमें यह तय किया जायेगा।*

### हर मैच के लिए योजना बनाने से मिल रही मदद

पुणे। एशियाई खेलों और अगले साल होने वाले ओलंपिक की तैयारियां कर रही भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का मानना है कि अपना दृष्टिकोण बदलने और प्रत्येक मैच के लिए व्यापक रणनीति बनाने से उनके खेल को बेहतर बनाने में मदद मिली है। भारतीय दल इस सितंबर में एशियाई खेलों के लिए हांगझोउ के लिए उड़ान भरेगा तब मनिका टेबल टेनिस में पदक के लिए देश की सबसे बड़ी उम्मीदों में से एक होंगी। मिश्रित युगल में उनके जोड़ीदार जी साथियान के मुताबिक इस जोड़ी से ओलंपिक में पदक की उम्मीद की जा सकती है। पिछले नवंबर में एशियाई कप में कांस्य पदक जीतने वाली 28 साल की मनिका ने कहा कि कोच अमन बाल्गु के साथ काम के दौरान उनके खेल में बदलाव आया है। मनिका कहा, 'कोच की भूमिका काफी अहम होती है। अमन शानदार मेंटोर और कोच है। वह मेरे साथ यात्रा करते हैं और रणनीति बनाने पर काम करते हैं।'

# सचिन गोला फेंक में बने वर्ल्ड चैंपियन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने पेरिस में पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में शुक्रवार को पुरुषों के शॉटपुट एफ46 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अगले साल होने वाले पैरालंपिक खेलों के लिए भारत को आठवां कोटा दिलाया।

सचिन के लिए यह दोहरी सफलता रही जिन्होंने 16.21 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ नया एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। अमेरिका के जोशुआ सिनामो को रजत और दक्षिण अफ्रीका के केरविन नोएम्दो को कांस्य पदक मिला। इससे

**पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप**



पहले गुरुवार को पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने एफ64 भालाफेंक में 70.83 मीटर का विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता था। विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हर व्यक्तिगत पदक वर्ग से शीर्ष चार खिलाड़ी 2024 पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे।

## दलीप ट्राफी : पश्चिम क्षेत्र के खिलाड़ी 146 रन पर लौटे पवेलियन

# कावेरप्पा के सात विकेट से दक्षिण की बढ़त 240 पार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

दक्षिण क्षेत्र ने अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ शुक्रवार को यहां दलीप ट्राफी फाइनल के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में सात विकेट पर 181 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 248 रन की कर ली। इससे पहले विद्वत कावेरप्पा ने 53 रन देकर सात विकेट हासिल किए जिससे दक्षिण क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र को पहली पारी में 146 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 67 रन की बढ़त हासिल की।

पश्चिम क्षेत्र ने सुबह अपनी पारी सात विकेट पर 129 रन पर शुरु की थी। यह विद्वत का प्रथम श्रेणी में करियर का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है और दक्षिण क्षेत्र के लिए दलीप ट्राफी में वेंकटेश प्रसाद के 1993 में उत्तर क्षेत्र के खिलाफ 38 रन देकर सात विकेट के प्रदर्शन के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।



### मयंक और विहारी ने जोड़े 64 रन

दक्षिण क्षेत्र की टीम हालांकि दूसरी पारी में अच्छी शुरुआत नहीं कर सकी और उसने आर समर्थ तथा एन तिलक वर्मा के विकेट लगातार ओवर में गंवा दिए। समर्थ को चिंतन गजा की गेंद ने बोल्ड किया तो अर्जन नागवासवाला ने तिलक के स्टंप उखाड़े। मयंक अग्रवाल (35 रन) और कप्तान हनुमा विहारी (42 रन) ने पश्चिम क्षेत्र की दबाव बनाने की उम्मीदों को धराशायी कर दिया। तीसरे विकेट की इस जोड़ी ने 14 से ज्यादा ओवर तक 64 रन की भागीदारी निभाई और दक्षिण क्षेत्र की पारी पटरी पर वापसी करायी। नागवासवाला की शॉर्ट पिच गेंद मयंक के बल्ले से छूकर सूर्यकुमार यादव के हाथों में चली गई। अतीत सेठ ने विहारी का विकेट लिया जिससे दक्षिण क्षेत्र का स्कोर चार विकेट पर 95 रन हो गया। रिकी भुई (37 रन) और सचिन बेबी (28 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 97 गेंद में 59 रन जोड़े। इस दौरान खराब रोशनी के कारण 22 मिनट खेल रूका भी। ये दोनों खिलाड़ी 154 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। लेकिन तब तक दक्षिण क्षेत्र अपनी बढ़त 200 रन के पार कर ली थी। फिर कुछ देर बाद खराब रोशनी के कारण दिन का खेल रोक दिया गया।

# बीसीसीआई ने की रणनीतिक कोष को बढ़ाने की वकालत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने खेल के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के राजस्व से विश्व संचालन संस्था के रणनीतिक कोष में पर्याप्त राशि आवंटित करने की वकालत की है।

वार्षिक राजस्व से 2024-27 तक 23 करोड़ डॉलर की बड़ी हिस्सेदारी की मंजूरी मिलने के बाद बीसीसीआई ने हाल में आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक में रणनीतिक कोष को बढ़ाने की जरूरत की वकालत की है क्योंकि इसका इस्तेमाल टेस्ट क्रिकेट को बचाने और महिलाओं के खेल के विकास के लिए भी किया जाएगा। एमसीसी विश्व क्रिकेट समिति का मानना है कि पूर्ण सदस्य और एसोसिएट देशों के लिए



जरूरत के आधार पर आईसीसी रणनीतिक कोष से पर्याप्त राशि आवंटित की जा सकती है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को राज्य संघों को लिखे एक पत्र में कहा, 'राजस्व वितरण में हमारी हिस्सेदारी के अतिरिक्त हमने आईसीसी के रणनीति कोष में पर्याप्त राशि आवंटित किए जाने की वकालत भी की है क्योंकि यह कोष खेल के विकास और अगले मीडिया अधिकार चरण में खेल के विकास में निवेश के लिए अहम होगा।'

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com